


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 159 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 28 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर

### जशपुर में धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया, पादरी समेत दो गिरफ्तार

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल जशपुर जिले के एक गांव में रविवार को कथित तौर पर धर्म परिवर्तन की कोशिश करने के आरोप में एक ईसाई पादरी और एक को व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक शिकायत के बाद बगिया ग्राम पंचायत के भालुटोला इलाके से पादरी क्रिस्टोफर तिर्की और ज्योति प्रकाश टोप्पो को गिरफ्तार किया गया है। यहां एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार, तिर्की और टोप्पो ने रविवार सुबह गांव में एक घर में एक 'चंगई सभा' (उपचार बैठक) की। इसमें इन दोनों ने स्थानीय आदिवासियों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद कंसबेल थाने की एक टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। जांच के बाद मामला दर्ज किया गया।



इन दोनों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295 ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करने के इरादे से) और 34 (सामान्य इरादा) और छत्तीसगढ़ धर्म अधिनियम की स्वतंत्रता की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है।

## राजस्थान को कोयले की आपूर्ति, प्रक्रिया का किया जाएगा पालन

# आदिवासी और पर्यावरण हितों से नहीं होगा समझौता-सीएम बघेल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कोयला संकट के बीच राजस्थान को खनन की मंजूरी देने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि, आदिवासी और पर्यावरण हितों से उनकी सरकार कोई भी समझौता नहीं करेगी। राजस्थान को कोयला आपूर्ति करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का ही पालन होगा।

दरअसल, शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार ने राजस्थान को कोयला खनन की मंजूरी दे दी थी। राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को पारसा ईस्ट-कांटा बासन कोल ब्लॉक के द्वितीय चरण के तहत 1136 हेक्टेयर क्षेत्र में कोयला उत्खनन के लिए वन भूमि व्यपवर्तन की अनुमति दे दी थी। इसके बाद प्रदेश की थर्मल इकाइयों को कोयले की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी।

### प्रथम चरण का खनन हो चुका है पूरा

भारत सरकार ने राजस्थान को साल 2015 में छत्तीसगढ़ के पारसा ईस्ट-कांटा बासन (पीईकेबी) में 15 एमटीपीए और पारसा में पांच एमटीपीए क्षमता के कोल ब्लॉक आवंटित किए थे। पारसा ईस्ट-कांटा बासन कोल ब्लॉक के प्रथम चरण में खनन इस महीने में पूरा हो चुका है। ऐसे में राजस्थान की विद्युत उत्पादन इकाइयों के लिए यहां से कोयले की आपूर्ति नहीं होने से राज्य में विद्युत संकट उत्पन्न होने की स्थिति बन गई थी। पर्यावरण संरक्षण और राजस्थान की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार से इस विषय पर जल्द समुचित सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया था।



### बघेल से मिले थे गहलोत

कोयला संकट के बीच राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने शुक्रवार को रायपुर जाकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने राजस्थान को कोयले की सुचारू आपूर्ति के लिए कोल ब्लॉक में माइनिंग करने की स्वीकृति शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि, मंजूरी शीघ्र नहीं मिलेगी तो प्रदेश में बिजली का उत्पादन्न बंद हो जाएगा। अंधेरा छा जाएगा।

# मंदिर के नाम पर नोटिस जारी करना गलत कृत्य, तहसीलदार को कारण बताओं शोकाज जारी




श्रीकंपनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में मंदिर के पुजारी की जगह मंदिर को नोटिस जारी करने पर नायब तहसीलदार विक्रांत राठौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। रायगढ़ अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) युगल किशोर उर्वशा ने तहसीलदार से जवाब मांगते हुए कहा कि पुजारी या प्रबंधन करने वालों के बजाय मंदिर के नाम पर नोटिस जारी करना एक गलत कृत्य है।

### पेश नहीं होने पर था 10 हजार रुपये का जुर्माना

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देश पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के संबंध में एक याचिका पर नायब तहसीलदार ने नौ मार्च को यहां के कौहाकुंडा वार्ड में शिव मंदिर समेत 10 अतिक्रमणकारियों के नाम नोटिस जारी कर तहसीलदार के समक्ष पेश होने को कहा था। साथ ही नोटिस में राजस्व अदालत के समक्ष पेश नहीं होने की स्थिति में 10 हजार रुपये जुर्माना और अतिक्रमण की गई संपत्ति से बेदखल करने की चेतावनी दी गई थी।

### शिवलिंग को मंदिर से उखाड़कर तहसील कार्यालय ले गए थे लोग

वहीं नोटिस मिलने पर स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को शिवलिंग को मंदिर से उखाड़कर वाहन पर तहसील कार्यालय ले गए थे, जिससे हंगामा मच गया था। अतिक्रमण मामले की सुनवाई शुक्रवार को रद्द कर दी गई। इस दौरान वार्ड पार्षद सपना सिदर भी मौजूद रहे।

### राजस्व विभाग की छवि खराब हुई

नायब तहसीलदार को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि शिवलिंग को तहसीलदार अदालत में लाने से राजस्व विभाग की छवि खराब हुई है और नोटिस पुजारी या इसे प्रबंधित करने वाले व्यक्ति के नाम पर दिया जाना चाहिए था न की मंदिर के नाम पर।

### नायब तहसीलदार राठौर से मांगा जवाब

नायब तहसीलदार राठौर से जवाब मांगते हुए कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि अधिनियम सरकारी काम के प्रति लापरवाही दिखाता है। आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

# बेकाबू हुई जंगल की आग, 24 गांवों के ऊपर मंडरा रहा खतरा, अफसर बेपरवाह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक सप्ताह से भीषण आग जंगल में कहर बरपा रही है। आग बढ़ते हुए 24 गांव की सीमाओं तक पहुंच गई है। बताया जाता है कि महुआ बीनने आने वाले लोगों ने पेड़ के नीचे सफाई के लिए आग लगाई थी। बाद में यह आग पूरे जंगल में फैल गई। चांदनी बिहारपुर स्थित रेंज कार्यालय भी आग की चपेट में आने वाला था। हालांकि शनिवार रात ग्रामीणों व चौकीदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद यहां आग पर काबू पाया। फिलहाल दफ्तर तो बच गया है, लेकिन अभी भी आग जंगल में फैली हुई है और जंगली जानवर भी चपेट में आ रहे हैं।

सूरजपुर जिले के दूरस्थ ग्राम चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में एक सप्ताह से जंगल में भीषण आग लगी हुई है। यह इलाका टाइगर रिजर्व में शामिल है और संरक्षित क्षेत्र है। आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास नहीं किया जा रहा है। ऐसे में जंगल के आस-पास स्थित ग्रामीणों के घर अब आग की चपेट में आ सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आग के डर से जानवर गांव की तरफ आने लगे हैं। इसके बाद भी टाइगर रिजर्व और वन विभाग के अफसर मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार आग मध्य प्रदेश की जंगलों की तरफ से इधर आ रही है। मैदानी स्तर पर आग बुझाने का कोई प्रयास नहीं हो रहा है। आग लगाने वालों का भी पता नहीं चल पा रहा है। टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के फोन बंद मिले, जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

### 24 गांव प्रभावित, दहशत में ग्रामीण

टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अवन्तिकापुर, कोल्हुआ, महुली, कछवारी, चोंगा, खैरा, कसौटी, पेंडारी, पासल, नवडिहा, कछिया, जुडवनीया, मोहरसोप, बसनरा, खोहिर, बैजनपाठ, लुल, तेलाईपाठ, भून्डा, रसौकी, रामगढ़, उमझर, पालकेवरा, छतरंग, बाक, कुदरगढ़ के जंगल आग की चपेट में आकर जल रहे हैं। इससे गांवों में धुंआ भर रहा है। वहीं इससे वे ग्रामीण दहशत में हैं, जिनके घर जंगल किनारे हैं। उन्हें इस बात का डर है कि जंगल का आग कहीं उनकी झोपड़ियों तक न पहुंच जाए। जंगल में वन्यजीव भागकर आबादी इलाके में पहुंच रहे हैं। उनसे भी लोगों को खतरा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में नक्सलियों की एंट्री! प्रेस नोट जारी कर कहा - पेट्रोल-डीजल के बढ़ रहे दाम, बंद करो लड़ाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। अब 'लाल आतंक' यानी नक्सलियों की भी इस लड़ाई में एंट्री हो गई है। दरअसल छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों ने एक प्रेस नोट जारी किया है। इस प्रेस नोट में नक्सलियों ने कहा है कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है।

नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने दुनिया को खुशहाल देखने वाले हर व्यक्ति से आगे आने की अपील की है और है कि यह युद्ध बंद होना चाहिए। नक्सलियों ने रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा है कि इस लड़ाई से पूरी दुनिया पर खराब असर पड़ा है।

नक्सलियों ने कच्चे तेल की कीमतों की दाम में हुई बढ़ोतरी का जिक्र किया है। नक्सलियों ने कहा है कि दुनिया में कच्चे तेल का भाव 110 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। सेंट्रल कमेटी ने अंदाजा जताया है कि चंद दिनों में इसके दाम 150 प्रति बैरल को भी छू लेगा।

नक्सलियों ने रूस से अपील की है कि वो यूक्रेन पर हमले तुरंत रोक दे। नक्सलियों ने रूस को नसीहत दी है कि वो यूक्रेन से अपनी सेना बुला ले। यूक्रेन को नाटो में शामिल करने की कार्रवाई को भी बंद करने की बात नक्सलियों ने कही है। बड़ी ही हैरतअंगेज तरीके से नक्सलियों ने बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने की अपील दोनों देशों से की है।

# रूस मिसाइलें गिरा रहा है और आप कायरता दिखा रहे, बाइडेन के भाषण के बाद बोले जेलेंस्की



**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस से जंग में साथ न आने को लेकर नाटो और पश्चिमी देशों पर निशाना साधा है। पश्चिमी देशों पर भड़कते हुए जेलेंस्की ने कहा कि रूस से जंग में वह कायरता दिखा रहे हैं। इसके साथ ही यूक्रेन सरकार के एक इंटेलिजेंस अधिकारी ने कहा कि रूस उनके देश को कोरिया की तरह दो हिस्सों में बांटना चाहता है। जेलेंस्की ने नाटो देशों से अपील की है कि यदि वे अपने लड़ाकू विमानों के एक फीसदी की भी मदद उसे दें तो वह रूस से निपट सकेंगे। इस बीच रूस का कहना है कि उसका मुख्य डोनबास क्षेत्र पर अपना नियंत्रण स्थापित करना है।

माना जा रहा है कि रूस अब युद्ध को खत्म करने पर विचार कर रहा है। लेकिन उसके डोनबास पर नियंत्रण के ऐलान से यूक्रेन के दो हिस्सों में बंट जाने का भी खतरा पैदा हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने भाषण में व्लादिमीर पुतिन को कसाई बताते हुए कहा था कि वह सत्ता में नहीं रह सकते हैं। उनके भाषण के ठीक बाद जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों को कायर बताते हुए कहा कि एक तरफ रूस की मिसाइलें आम नागरिकों की जानें ले रही हैं तो वही पश्चिम के देश सिर्फ बयान दे रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि मैंने मारियुपोल में रूस से मुकाबला करने वाले सैनिकों से बात की है। उनका संकल्प कमजोर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह शहर अब तक के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहा है।

इस दौरान वोलोदिमीर जेलेंस्की पश्चिमी देशों पर भड़कते दिखे। उन्होंने वीडियो स्पीच में कहा कि 31 दिनों से जो लोग हमारी मदद करने की बात कर रहे हैं क्या उनके पास 1 फीसदी भी साहस है। इसके साथ ही जेलेंस्की ने रूसी पत्रकारों से रविवार को कहा कि उनकी सरकार रूस को सुरक्षा गारंटी देने को तैयार है। इसमें यह भी शामिल है कि यूक्रेन परमाणु हथियारों से मुक्त रहेगा। यही नहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि वह नाटो से बाहर रहने पर विचार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक बार यूक्रेन से रूस की सेनाएं बाहर निकल जाएंगी तो हम वोटिंग करा सकते हैं और यदि लोग नाटो से अलग रहने के पक्ष में मतदान करेंगे तो वही फैसला मान लिया जाएगा।

# अप्रैल में देशभर से घाटी पहुंचेंगे कश्मीरी पंडित नवरेह के मौके पर भागवत करेंगे संबोधित

**जम्मू (एजेंसी)।** द कश्मीर फाइल्स फिल्म में कश्मीरी पंडितों के विस्थापन का दर्द सामने आने के बाद इस बार नए साल यानी नवरेह पर घाटी में पंडितों की वापसी की आवाज बुलंद होगी। देशभर से कश्मीरी पंडित नवरेह मनाने 2 अप्रैल को घाटी पहुंचेंगे। जम्मू से भी बस के जरिये कश्मीरी पंडित घाटी में जाकर हरि पर्वत पर मां शारिका मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही पंडितों की वापसी की कामना करेंगे। सार्वजनिक समारोह कर वापसी के लिए अनुकूल माहौल बनाने के प्रयास होंगे, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदाय के लोग शामिल होंगे। भाजपा नेता डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी व शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी भी इस मौके की साक्षी होंगी। जेके पीस फोरम की ओर से देशभर के कश्मीरी पंडितों को नवरेह पर दो अप्रैल को कश्मीर में जुटाने की तैयारियां की गई हैं। इसके तहत शारिका मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही शेर-ए कश्मीर पार्क में नवरेह मिलन कार्यक्रम होगा। घाटी में भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ ही पंडितों की सम्मानजनक वापसी की आवाज बुलंद की जाएगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य 30 साल के विस्थापन के बीच धार्मिक-सांस्कृतिक रीति-रिवाजों से नई पीढ़ी को अवगत कराना और दहशत में घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर लोगों के लिए सुरक्षा व आत्म सम्मान की भावना जगाना है। फोरम के चेयरमैन सतीश महालदार ने बताया कि इस बार कोशिश है कि सभी धर्मों के लोगों को एक मंच पर लाकर पंडितों की वापसी का माहौल बनाया जाए। इसके लिए अंतर समुदाय सांस्कृतिक महोत्सव भी कराया जा रहा है। कोशिश होगी कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं को समझें व सभी के प्रति सम्मान का भाव जगे। विस्थापन का दर्द झेल रहे पंडितों को सम्मान मिले।



### सर संघचालक डॉ. भागवत भी ऑनलाइन करेंगे संबोधित

सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत भी नवरेह पर इस बार ऑनलाइन संबोधित करेंगे। संजीवनी शारदा केंद्र जम्मू के माध्यम से इस कार्यक्रम का आयोजन तीन अप्रैल को होगा। सर संघचालक पिछले साल संबोधन करने वाले थे, लेकिन अस्वस्थ होने की वजह से यह संभव नहीं हो पाया था।

# विधानसभा में मारपीट: भाजपा-टीएमसी के विधायक भिड़े, एक घायल, शुभेंदु अधिकारी समेत पांच निलंबित



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को सत्तासीन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के विधायक आपस में भिड़ गए। दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच नौबत मारपीट तक आ गई। बताया गया है कि टीएमसी विधायक असित मजूमदार और भाजपा के मनोज तिग्गा ने एक-दूसरे पर हमला किया। इसमें टीएमसी नेता घायल हो गए। इस मामले में स्पीकर ने बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत पांच विधायकों को सस्पेंड कर दिया।

### किस बात पर हुआ था विवाद?

पश्चिम बंगाल विधानसभा में आज सुबह से ही विपक्ष ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान की मांग शुरू कर दी। इसी को लेकर टीएमसी के विधायक भड़क उठे और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते ये बहस मारपीट में बदल गई।

### क्या बोले भाजपा नेता?

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मारपीट की घटना और स्पीकर द्वारा सस्पेंड किए जाने के फैसले पर टीएमसी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, सदन का आखिरी दिन होने के चलते हमने राज्य के कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग की। ऐसा न होने के बाद संवैधानिक तरीके से विरोध किया जिसके बाद सिविल ड्रेस पहने पुलिस कर्मी और टीएमसी के विधायकों ने हमारे (भाजपा के) विधायकों को मारा। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस, उनके गुंडे और पुलिस के खिलाफ हमारा मार्च है। इसको लेकर हम स्पीकर के पास भी जाएंगे। बंगाल में जो हालत है उसको लेकर केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री का ऐलान: लोगों के जीवन को आसान बनाने का फैसला, घर-घर पहुंचेगा सरकारी राशन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब के लोगों के लिए राशन की डोर स्टेप डिलीवरी शुरू करने का फैसला किया है। राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा, हमारे अधिकारी आपको फोन कर पूछंगे की आप किस समय घर पर हैं। हमारे अधिकारी उस हिसाब से आपको आपके घर तक राशन पहुंचाएंगे। यह एक वैकल्पिक योजना है।

सीएम मान ने कहा कि राज्य में लोगों को अब राशन लेने के लिए कतारों में नहीं लगना पड़ेगा, क्योंकि यह उनके दरवाजे पर पहुंचाया जाएगा। मान ने कहा, लोगों के पास इस योजना को चुनने का विकल्प होगा। राशन डिपो के पास रहने वाले इसे डिपो से प्राप्त कर सकते हैं। जो लोग डोरस्टेप डिलीवरी का विकल्प चुनते हैं, उन्हें संबंधित कर्मियों को यह बताना होगा कि वे अपने स्थान पर किस समय उपलब्ध हैं। उन्हें स्वच्छ और अच्छी गुणवत्ता वाला राशन पहुंचाया जाएगा।



मान ने कहा कि सरकार ने लोगों के जीवन को आसान बनाने का फैसला किया है, क्योंकि सरकारों को ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बुनियादी जरूरतों पर काम करने के बाद जल्द ही इस योजना को शुरू किया जाएगा। इससे पहले सुबह आप ने ट्वीट किया था, जिसमें कहा गया था कि मान दिन में पंजाब के लोगों के लिए बड़ी घोषणा करेंगे।

## संपादकीय

# पुरुष परिवार नियोजन

परिवार नियोजन पुरुषों के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है, क्योंकि उनके पास बचाव के विकल्प कम होते हैं। दशकों से एक ऐसे गर्भ निरोधक की खोज चल रही है, जो पुरुषों के लिए उपयुक्त हो। ऐसे में, यह किसी खुशखबरी से कम नहीं है कि अमेरिका में वैज्ञानिकों को पुरुषों के लिए गर्भ निरोधक गोली बनाने में कामयाबी मिल गई है और जल्दी ही इसका मानव परीक्षण शुरू हो जाएगा। इस गोली या दवा को 99 प्रतिशत कारगर बताया जा रहा है। चूहों पर किए गए प्रयोग में सफलता मिली है। सबसे बड़ी बात, इस दवा का कोई नकारात्मक प्रभाव सामने नहीं आया है। यह भी अनुकूल बात है कि यह गैर-हारमोनल दवा है। पहले के प्रयोगों में कुछ हारमोनल प्रयास हुए थे, जिन्हें सेहत के लिए प्रतिकूल माना गया था, तो वैज्ञानिकों ने शोध की दिशा बदल दी थी। इसमें कोई शक नहीं कि इस दवा की सफलता से अन्य गर्भ निरोधकों पर पड़ने वाले बोझ को संतुलित करने में मदद मिल सकती है।

> “ चिकित्सा क्षेत्र में कई बार तात्कालिक या व्यावसायिक फायदे के लिए दीर्घकालिक नुकसान को नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन इस मामले में वैज्ञानिक ऐसी कोई गलती नहीं करना चाहते हैं। बाजार को ऐसी किसी दवा का लंबे समय से इंतजार है, लेकिन वैज्ञानिक चाहते हैं कि थोड़ा वक्त भले लग जाए, दवा पूरी तरह से परीक्षण के बाद ही बाजार में आए।

यह बात गौर करने की है कि इस दवा का हर तरह से निरापद होना जरूरी है, क्योंकि यह किसी बीमारी की दवा नहीं है। बीमारी की दवा के मामले में लोग यह मानकर चलते हैं कि किसी बड़े दर्द से मुक्ति में कोई छोटा दर्द मिलता है, तो कोई विशेष बात नहीं। यह सामान्य तर्क पुरुष गर्भ निरोधकों के मामले में काम नहीं करेगा। इसलिए वैज्ञानिकों को सावधानी के साथ इस दवा को मानव स्वास्थ्य के अनुकूल बनाना होगा और यह साबित करना होगा कि इसका कोई अल्पकालीन या दीर्घकालीन असर नहीं होगा। इंसानों पर शोध की दिशा में काम आगे बढ़ चुका है, लेकिन विशेषज्ञों को यही चिंता है कि दवा सोलह आना सुरक्षित रहे, ताकि उसे बाजार में हाथों-हाथ स्वीकार कर लिया जाए। मिनियापोलिस में मिनेसोटा यूनिवर्सिटी के एमडी अब्दुल्ला अल नोमन के मुताबिक, कई कोशिशों के बावजूद, कोई भी प्रभावी व सुरक्षित पुरुष गर्भ निरोधक अभी तक मानव नैदानिक परीक्षणों में सफल नहीं हो पाया है। नोमन जैसे वैज्ञानिक जानते हैं कि गर्भ निरोध की गोलियों के लिए सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण होगी, इसलिए वैज्ञानिक संस्थान भी इस शोध को लेकर बहुत गंभीर हैं।

बहरहाल, चार हफ्तों के दौरान वैज्ञानिकों ने नर चूहों को वायसीटी529 नामक एक रसायन की दैनिक खुराक दी थी और पाया कि उनके शुक्राणुओं की संख्या गिर गई है। उसके बाद जब दवा बंद की गई, तो चार से छह सप्ताह के बीच चूहे फिर प्रजनन करने में सक्षम हो गए और उनमें कोई नकारात्मक प्रभाव भी नहीं देखा गया। ऐसी सफलता पहले कभी नहीं मिली थी। नैदानिक परीक्षणों में विभिन्न अणु शामिल हैं, पर वे सभी उस टेस्टोस्टेरोन, पुरुष यौन हारमोन को लक्षित करते हैं, जिसका वजन बढ़ाने, अवसाद और अन्य नकारात्मक प्रभावों से संबंध है। हालांकि, वैज्ञानिक मानकर चल रहे हैं कि यह जो दवा बन रही है, वह पुरुषों या इंसानों के प्राकृतिक हारमोनल ढांचे को कतई प्रभावित नहीं करेगी और इनका असर अल्पकालीन होगा। क्या इसका कोई दूरगामी असर भी हो सकता है, वैज्ञानिक इस सवाल का जवाब खोज लेना चाहते हैं। चिकित्सा क्षेत्र में कई बार तात्कालिक या व्यावसायिक फायदे के लिए दीर्घकालिक नुकसान को नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन इस मामले में वैज्ञानिक ऐसी कोई गलती नहीं करना चाहते हैं। बाजार को ऐसी किसी दवा का लंबे समय से इंतजार है, लेकिन वैज्ञानिक चाहते हैं कि थोड़ा वक्त भले लग जाए, दवा पूरी तरह से परीक्षण के बाद ही बाजार में आए।

## भारत के लिए नई चुनौतियां

भारत की विदेश नीति से सीधा संबंध रखने वाली कई घटनाएं इधर एक साथ हो गई हैं और हो रही हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत पहुंच चुके हैं। संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए जो प्रस्ताव रखा है, उसका समर्थन सिर्फ चीन ने किया है। भारत उसमें भी तटस्थ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूरोप पहुंच चुके हैं। यूरोपीय राष्ट्रों के नई दिल्ली स्थित राजदूतों ने रूस के विरोध में एक संयुक्त लेख छपवाया है। यह काम वे पहले ही इस्लामाबाद में भी कर चुके हैं।

जी-7 देशों के समूह ने रूस पर कुछ नए प्रतिबंध थोप दिए हैं। हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने संसद में भारत की यूक्रेन-नीति की व्याख्या करते हुए कई तर्क पेश किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति झेलेंस्की ने नाटो की सदस्यता की बात तो छोड़ दी है लेकिन यूरोपीय संघ की सदस्यता की मांग जोरों से की है। एक माह-बीत गया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यूक्रेनी लोग बड़ी बहादुरी से लड़ रहे हैं। यूक्रेन के कई शहर ध्वस्त हो गए हैं और लगभग 80 लाख लोग देश छोड़कर बाहर भाग गए हैं। उधर रूस के भी 15-20 हजार सैनिकों के मारे जाने और हवाई जहाजों के नष्ट होने की खबरें हैं।

परमाणु-युद्ध की धमकियां भी यूरोप पर मंडरा रही हैं लेकिन झेलेंस्की के निवेदन के बावजूद व्लादिमीर पूतिन बात करने को तैयार नहीं हैं। इस समय यह समझना मुश्किल हो रहा है कि यह युद्ध कैसे खत्म होगा? यह भी थोड़ा आश्चर्यजनक है कि झेलेंस्की अभी तक सुरक्षित कैसे हैं? हो सकता है कि पूतिन उन्हें जिंदा ही पकड़ना चाहते हों। वरना, रूस के पास ऐसे फौजी शस्त्रास्त्र पर्याप्त मात्रा में है, जिनसे वे झेलेंस्की के ठिकाने पर हमला बोल सकें। रूस ने सुरक्षा परिषद में यूक्रेन को सहायता पहुंचाने का जो प्रस्ताव रखा है, उससे बड़ा क्रूर मजाक क्या हो सकता है? यदि रूस हमला नहीं करता या अब भी उसे बंद कर दे तो यह अपने आप में उसकी बड़ी कृपा होगी। रूस ने यूक्रेन को इतना गहरा धक्का पहुंचाया है, जितना उसे द्वितीय महायुद्ध में भी नहीं पहुंचा था।

**- वेद प्रताप वैदिक**

> “ इस राज्य की परेशानियां किसी भी राजनीतिक दल के घोषणापत्र में किए गए वादों से ज्यादा जटिल हैं। इसलिए सिर्फउन वादों के लागू हो जाने भर से समस्याएं खत्म हो जाने वाली नहीं हैं। दिक्कत यह है कि खोए हुए अवसरों को किस तरह हासिल करे, इस पर पंजाब की राजनीति में शायद ही कभी कोई विमर्श हुआ है। क्या यह विमर्श अब शुरू होगा, जब वहां लोगों ने बड़े उत्साह से एक राजनीतिक बदलाव को भारी जनादेश देकर गले लगाया है?

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

# खोए हुए अवसरों की दास्तान



इतनी बड़ी जीत के बाद घोषणाओं की बरसात होनी ही थी। पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद भगवंत मान ने 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुमकिन है कि ऐसी घोषणाएं आने वाले समय में कुछ और भी हों। पंजाब इस समय देश के उन राज्यों में है, जहां बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है और रोजगार के अवसर सबसे कम। जिस पंजाब में कभी बड़ी संख्या में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण बेरोजगार ट्रेनों की छतों पर लदकर पहुंचते थे, उसके पास आज अपने नौजवानों को देने के लिए कोई भविष्य नहीं है। इसलिए ऐसी आधा दर्जन घोषणाएं अगर और भी हो जाएं, तब भी पंजाब की बेरोजगारी की समस्या हल होने वाली नहीं है। हालांकि, कम या ज्यादा यह समस्या तकरीबन सभी राज्यों में है, लेकिन पंजाब में यह कुछ ज्यादा ही गहरी हो चुकी है।

पंजाब ने पिछले चार दशक में अपनी चमक खोने के अलावा कुछ हासिल नहीं किया है। हरित क्रांति के तुरंत बाद के पंजाब को याद करें, तो यह देश का सबसे खुशहाल राज्य था। इसके लहलहाते खेतों में पकी सुनहली फसलों और ट्रैक्टर पर भांगड़ा करते पंजाबी नौजवानों की तस्वीरें देश की तरक्की के उदाहरण के तौर पर सबको दिखाई जाती थीं। इसे देश का सबसे प्रगतिशील प्रदेश कहा जाने लगा था। तमाम राज्यों को नसीहत दी जाती थी कि आगे बढ़ना है, तो पंजाब जैसा बनो। लोग कहते थे कि बहुत जल्द पंजाब आर्थिक तौर पर तीसरी दुनिया का हिस्सा नहीं रह जाएगा। तब प्रति व्यक्ति औसत आय के मामले में इसका स्थान पूरे देश में सबसे ऊपर था।

इसकी तुलना में अगर हम ताजा आंकड़े देखें, तो पंजाब का यह पहला स्थान धीरे-धीरे नीचे खिसकते हुए 19वें नंबर पर पहुंच गया है। यहां तक कि पंजाब से अलग हुए दो राज्य हरियाणा और हिमाचल प्रदेश भी इस फेहरिस्त में उससे काफी ऊपर पहुंच चुके हैं। कभी जो राज्य तीसरी दुनिया के अभिशाप से मुक्ति की ओर बढ़ता दिख रहा था, प्रति व्यक्ति आमदनी के मामले में आज वह नाईजीरिया और लाओस जैसे देशों के बराबर खड़ा दिखाई देता है। उस समय जो पंजाब तरक्की की छलांग लगाने की कहानी था, अब वही पंजाब पिछड़ेपन के गर्त में लगातार लुढ़कने की कथा बनता जा रहा है।

कृषि प्रधान होना कभी पंजाब की सबसे बड़ी ताकत हुआ करता था, आज कृषि उसकी संभावनाओं को संकुचित कर रही है। खेती महाकवि घाघ के जमाने में एक उत्तम कार्य रही होगी, पर अब वह किसानों के लिए घाटे का सौदा बन चुकी है। दूसरी तरफ राज्य की अर्थव्यवस्था को यह अलग तरह की पेचीदगी देती है। आज अगर देश का कोई प्रदेश पूरी तरह कृषि पर आधारित है, तो उसका प्रगति की दौड़ में नीचे जाना तय सा हो जाता है। अगर आप पिछले डेढ़-दो दशक को देखें, तो कृषि की विकास दर शून्य से चार फीसदी तक रही है। औसतन इसे दो फीसदी के आस-पास माना जाता है। जब बाकी प्रदेश छह-सात से दस फीसदी तक की विकास दर दर्ज करा रहा हो, तो एक राज्य का दो फीसदी वाले कारोबार पर पूरी तरह निर्भर हो जाना उसके पिछड़ते जाने को सुनिश्चित कर देता है।

पूरे देश की आर्थिक स्थिति को देखें, तो पिछले चार दशक में दो ऐसे बड़े मौके आए हैं, जब कुछ राज्यों ने नए अवसर को गले लगाया और बड़ी आर्थिक उपलब्धि हासिल की। पहला मौका था सूचना तकनीक यानी आईटी से जुड़े उद्योगों का आगमन। दूसरा मौका था आर्थिक उदारीकरण का, जब देश भर में काफी संख्या में उद्योग लगे और विकास दर ने काफी तेज उछाल भरी। जो भी राज्य इन दोनों मौकों का लाभ उठाने में कामयाब रहे, वे आज हमें आर्थिक विकास के ऊपरी पायदानों पर दिखाई देते हैं। पंजाब ने दोनों मौके गवां दिए।

इसके कारण बहुत से गिनाए जाते हैं। एक तो यह कि राजनीति का सारा ध्यान किसानों के वोटों पर था, जिसे मुफ्त बिजली और सस्ते उर्वरक वगैरह से जीता जा सकता था। इसके बाद नए उद्योगों का आगमन न तो किसी की प्राथमिकता में रह गया था और न ही किसी की प्रतिबद्धता में। खुशहाल खेतों और खलिहानों वाले राज्य को समृद्धि की अगली मंजिल तक कैसे ले जाया जा सकता है, इसकी किसी के पास न तो दूरदृष्टि दिखी और न ही इसकी जरूरत किसी को महसूस हुई।

दूसरा कारण शायद ज्यादा बड़ा है। जिस समय देश को ये दोनों मौके उपलब्ध थे, पंजाब अलग किस्म की समस्याओं से जूझ रहा था। वह पंजाब में आतंकवाद का दौर था। उस दौर में वहां आम लोग तक जाने से हिचक रहे थे, तो निवेशक खैर क्या ही जाते। और तो और, लुधियाना के उद्योगपति गुड़गांव (गुरुग्राम) और फरीदाबाद में अपने निवेश के ठिकाने तलाश रहे थे।

इस बदलाव को एक और तरह से भी देख सकते हैं। चार दशक पहले तक हरियाणा का गुरुग्राम पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना के मुकाबले एक गांव ही था। पिछले चार दशक में यह मिलेनियम सिटी की चकाचौंध में बदल चुका है, जिसके सामने लुधियाना अब एक हांफता हुआ कस्बा भर लगता है। लुधियाना की ऐसी तुलनाएं देश के बहुत सारे दूसरे शहरों से भी की जा सकती हैं। इस दौरान बहुत से प्रदेशों ने अपने कई नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर लिए हैं, जिनमें पंजाब का पड़ोसी हिमाचल प्रदेश भी है, लेकिन पंजाब अपने पुराने औद्योगिक क्षेत्रों की चमक बरकरार रखने में नाकाम रहा है।

पंजाब के सामने आज जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान कुछ हजार सरकारी नौकरियां देकर या महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपये पहुंचाकर या बिजली का बिल कम करके नहीं किया जा सकता। इस राज्य की परेशानियां किसी भी राजनीतिक दल के घोषणापत्र में किए गए वादों से ज्यादा जटिल हैं। इसलिए सिर्फउन वादों के लागू हो जाने भर से समस्याएं खत्म हो जाने वाली नहीं हैं। दिक्कत यह है कि खोए हुए अवसरों को किस तरह हासिल करे, इस पर पंजाब की राजनीति में शायद ही कभी कोई विमर्श हुआ है। क्या यह विमर्श अब शुरू होगा, जब वहां लोगों ने बड़े उत्साह से एक राजनीतिक बदलाव को भारी जनादेश देकर गले लगाया है?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

# बच्चों से हमारे लगाव पर मुग्ध पश्चिमी परिवार



विदेश में रहने वाली मित्र ने एक बार कहा था कि भारतीय माता-पिता के बारे में यहां यह कहा जाता है कि वे अपने बच्चों को लेकर 'ओवर प्रोटेक्टिव' होते हैं, यानी कुछ ज्यादा ही चिंतित रहते हैं। बुढ़ापे तक वे उन्हें बच्चा ही समझते हैं। वे उन्हें कभी आत्मनिर्भर नहीं होने देते। अपनी आंखों से भी यह देखा है कि बच्चों को अगर कहीं जाना हो, तो विदेशी माता-पिता उन्हें स्कूल या बस तक छोड़कर चले जाते हैं। मगर भारतीय माता-पिता तब तक वहीं रहते हैं, जब तक कि बच्चा उनकी आंखों से ओझल नहीं हो जाता।

'ओवर प्रोटेक्टिव' होने की आलोचना में इस बात को बिल्कुल भुला दिया जाता है कि हमारे यहां माता-पिता अपने बच्चों के जीवन को बनाने के लिए एक तरह से अपनी जिंदगी कुर्बान कर देते हैं। अपनी आवश्यकताओं के मुकाबले वे बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। इस बात को वे अपना कर्तव्य समझते हैं, इसलिए इसकी शिकायत भी कभी नहीं करते। बच्चे उनका ध्यान रखें या न रखें, वे उनका भला ही चाहते हैं।

बहुत ज्यादा दिन नहीं बीते। एक अखबार में वृद्धाश्रम के लोगों से बातचीत छपी थी। वहां एक बुजुर्ग ऐसी भी थीं, जिनके छह बच्चे थे, लेकिन अच्छी आर्थिक स्थिति के बावजूद उनकी जिम्मेदारी उठाने को उनमें से कोई संतान तैयार न थी। यह सुनकर जब रिपोर्टर ने बच्चों की आलोचना करनी चाही, तो उस बुजुर्ग महिला ने टोका- मेरे बच्चों के बारे में कुछ मत कहिए। इस खबर को पढ़कर मुझे सहसा मां दुर्गा क्षमा मंत्र की पंक्ति याद आ गई- कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति। दरअसल, भारतीय माता-पिता की त्याग-भावना की तारीफ होनी चाहिए, मगर सुनने को आलोचना मिलती है। ऐसी और भी बहुत बातें कही जाती हैं कि विदेश में जब कोई बच्चा घर की किसी चीज को नुकसान पहुंचाता है, तो माता-पिता इसके फोटो लगाते हैं। अच्छे नंबर न आएं, तब भी बच्चे को वहां डांट नहीं पड़ती। उन्हें अपना करियर चुनने की पूरी आजादी दी जाती है, वगैरह-वगैरह।

इन बातों पर अगर ध्यान दें, तो भारत की आर्थिक स्थिति और आबादी को बिल्कुल भुला दिया जाता है। यहां कितने लोगों के पास इतने संसाधन मौजूद हैं कि वे कोई महंगी चीज दोबारा खरीद सकें? बच्चे के फेल होने और साल खराब होने पर उसकी फीस दोबारा दे सकें? हमारे यहां परिवारों और अभिभावकों की सोच यही होती है कि पढ़-लिखकर बच्चे जल्दी से जल्दी अपने पैरों पर खड़े हो जाएं। यह बच्चे के विकास और आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी है।

बच्चों के प्रति अतिरिक्त चिंता सिर्फ भारतीय अभिभावकों में ही नहीं होती, अन्य एशियाई देशों में भी यह प्रवृत्ति दिखाई देती है। बहुत साल पहले चीन के बारे में पढ़ा था कि जब वहां बच्चे होस्टल में रहने लगते हैं, तो बहुत सारे माता-पिता भी उसी शहर में जाकर रहने लगते हैं और हर दिन वे होस्टल में आकर अपने बच्चों के दैनंदिन काम निपटाते हैं। इसे बच्चों की परवाह के अलावा और क्या कहा जा सकता है, लेकिन पश्चिमी चश्मा अपने ही नजरिये से दूसरों को देखता है और प्रकारांतर से खुद को श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश करता है, जबकि इस श्रेष्ठता की धज्जियां लगातार उड़ रही हैं।

यह भी दिलचस्प है कि एक तरफ तो विदेशी हमारे यहां के भावनात्मक जुड़ाव और परिवार की सामूहिकता की तारीफ करते हैं, तो दूसरी तरफ 18 साल के बाद वे बच्चे की जिम्मेदारी से खुद को मुक्त समझते हैं। सच तो यह है कि पश्चिमी परिवारों में बचपन से ही बच्चे में व्यक्तिवाद के इतने संस्कार डाले जाते हैं कि बड़े होकर उसे अपने माता-पिता याद नहीं रहते। रहते हैं, तो बस कुछ खासअवसरों पर। इन दिनों कई पश्चिमी देशों में बच्चे पढ़ना ही नहीं चाहते। अरे भाई, जब भारत के मुकाबले आप बच्चों के विकास पर इतना ध्यान देते हैं, तो फिर परेशान क्यों होते हैं कि बच्चे पढ़ना नहीं चाहते? यही कारण है कि बहुत से पश्चिमी देशों में तमाम पेशेवर, जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, नर्स, अध्यापक आदि दूसरे देशों के दिखाई देते हैं।

लेकिन कोरोना महामारी ने तमाम तरह की व्यक्तिवादी सोच को किनारे कर दिया है। लगातार घर में बंद रहने से पश्चिमी बच्चों का अकेलापन बढ़ा है। वे अपने स्कूल, दोस्तों, खेल के मैदान, मनोरंजन के तमाम साधनों से दूर घर में माता-पिता के भरोसे रहे हैं। जिन घरों में दादा-दादी थे, वहां के बारे में खबरें आई हैं कि ये बच्चे, उन घरों के बच्चों से ज्यादा ठीक और सेहतमंद रहे, जो सिर्फ माता-पिता के साथ थे। उनका 'स्ट्रेस लेवल' कम रहा। उनकी मानसिक सेहत भी ठीक रही। इससे पश्चिमी देशों में भी संयुक्त परिवार की जरूरत को नए सिरे से महसूस किया जा रहा है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

हरिशंकर व्यास

# चीन का खेला, इस्लाम की धुरी!

ध्यान करें दुनिया में मुसलमानों की सर्वाधिक कुटाई कहां है? चीन के शिनजियांग प्रांत और उससे पहले रूस के चेचेन्या में! रूस के पुतिन और चीन के शी जिनफिंग का इस्लाम के साथ सलूक और उइगर व रूसी मुसलमानों की दुर्दशा के किस्से बहुत भयावह हैं। यूक्रेन की लड़ाई में भी हल्ला सुनने को मिला है कि चेचेन्या में बेरहमी से मारने वाली यूनिट यूक्रेन में है। एक तरफ यह रियलिटी तो दूसरी तरफ इस्लामी देशों की सालाना बैठक में चीन के विदेश मंत्री खास मेहमान! पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने वैश्विक पैमाने के दो शातिर दांव चले हैं। एक, संयुक्त राष्ट्र में इस्लामाफोबिया पर प्रस्ताव पारित करवाना। दो, इस्लामाबाद में 57 देशों के इस्लमी संगठन ओआईसी के विदेश मंत्रियों की सालाना बैठक में चीन की भागीदारी बनवाना। हिसाब से जो देश शिनजियांग में उइगरों का ब्रेनवॉश कर रहा है उस चीन की ओआईसी में भर्त्सना होनी चाहिए। उसकी बजाय क्या हुआ?

पहली बात जो इमरान खान ने कहीङ्क हम फिलस्तीनी और कश्मीर के लोगों के मामले में फेल हुए हैं। मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि हम असर नहीं बना पाएज्‌ हम बंटे हुए और इस बात को वह (पश्चिमी) महाशक्ति जानती है। हम (मुसलमान) डेढ़ अरब लोग हैं लेकिन अन्याय को मिटवाने की हमारी आवाज को सुना नहीं जा रहा है।

इमरान खान ने एक तरह से आह्वान किया कि दुनिया के मुस्लिम देशों एकजुट हो और अपनी धुरी बनाओ और इस पर फिर चीन के विदेश मंत्री ने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हमने कश्मीर पर कई इस्लामी दोस्तों के आह्वान सुने और चीन दुनिया में बहुध्रुवीय व्यवस्था बनवाने के लिए इस्लामी देशों के साथ है। ओआईसी और चीन का इस तरह साझा बनाना इमरान खान की बड़ी सफलता है तो इस बात का प्रमाण भी कि शीतकालीन ओलंपिक और उससे पहले पुतिन-शी जिनफिंग और इमरान खान की मेल-मुलाकात में पश्चिमी देशों के खिलाफ आगे की नई विश्व व्यवस्था, एकजुटता का कूटनीतिक रोडमैप बना था। तभी शिनजियांग और उइगरों के मुद्दे को चीन ने भूलवा कर इस्लामी देशों की पंचायत में अपना रोल बनाया। ओआईसी की बैठक के बाद जारी प्रस्ताव में कश्मीर को लेकर भारत की आलोचना हुई। प्रस्ताव में कश्मीर के लोगों की रायशुमारी, मानवाधिकारों के हनन, अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के विरोध के वे तमाम पहलू शामिल हैं, जिन्हें लेकर पाकिस्तान विश्व मंचों पर हल्ला करता रहता है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### अभाम अनुसंधान परियोजना में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम मल्दा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**रायगढ़।** अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परियोजना में अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला जिसमें मसाला फसलों पर प्रशिक्षण एवं वर्मी कम्पोस्ट, हल्दी प्रकंद व सूक्ष्म पोषक तत्व का वितरण सारंगढ़ विकास खण्ड के ग्राम मल्दा (अ) के सरपंच श्रीमती मीना लहरे एवं जनपत पंचायत सदस्य संतोष भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परियोजना के प्रमुख अन्वेषक व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने मसाला फसलों की उपयोगिता एवं उनके लाभ-हानि, उन्नत कास्त तकनीक की जानकारी दिये। जी.आर.राठिया सहायक प्राध्यापक (मृदा विज्ञान) ने मसाला फसलों में उर्वरक प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्व प्रबंधन एवं जैविक खेती विषय पर जानकारी दी। डॉ.कांत सावरगांवकर, वैज्ञानिक(अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन)ने हल्दी के प्रजातियों एवं उत्पादन तकनीक एवं मसाला फसलों की संभावना के विषय में तकनीकी जानकारी दिये। ग्राम मल्दा (अ) और ग्राम मल्दा (ब) दोनों गांवो को मिलाकर कुल 55 कृषकों ने प्रशिक्षण एवं बीज वितरण कार्यक्रम में भाग लिये जिसमें छत्तीसगढ़ हल्दी-01 एवं छत्तीसगढ़ हल्दी-02 के प्रकंद सूक्ष्म पोषक तत्व एवं गोधन न्याय योजना से उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का 100 क्विंटल, हल्दी प्रकंद 16.5 क्विंटल और सूक्ष्म पोषक तत्व 50 किलोग्राम का वितरण किया गया। कृषकों को अधिक से अधिक बीजोत्पादन कर मसाला फसलों के रकबे को बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण व तकनीकी ज्ञान दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.खुबचंद बघेल पुरस्कार से सम्मानित कृषक विजय यादव भी उपस्थित होकर अपना अनुभव साझा किये।

## बॉलीवुड और छत्तीसगढ़ गीत-संगीत की महफिल से सजेगा भोरमदेव महोत्सव

### नई परम्परा की शुरूआत- मंदिरों के पुजारियों की विशेष उपस्थिति में होगा भोरमदेव महोत्सव का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक,पुरात्तविक, धार्मिक,पर्यटन और जन आस्था का केन्द्र के नाम से आयोजन होने वाले भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भोरमदेव महोत्सव का आयोजन 30 एवं 31 मार्च दो दिन का होगा। इस दो दिवसीय महोत्सव के मंच में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की छंटा देखेंगी साथ ही साथ बॉलीवुड के उभरते सिंगर भी अपनी कला की शानदार प्रस्तुति देंगे। भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन 30 मार्च को बॉलीवुड सिंगर,सारेगामा ऐश्वर्या पण्डित, और छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक श्री दिलीप षंडगी मुख्य आकर्षक के केन्द्र होंगे।

वही दूसरे दिन 31 मार्च को समापन आयोजन में इंडियन आईडल सेलीब्रीटी बॉलीवुड सिंगर फेम अनुष्का बनर्जी, नचिकेत लेले, निहाल तारों एवं उनकी पूरी टीम की सुपर-हिट गीत संगीत की महफिल से महोत्सव का मंच सजेंगा। इन कलाकारों के अलावा छत्तीसढ़ और भारतीय संस्कृति की अलग-अलग विधाओं की झलक भी देखने को




मिलेगी। साथ ही मंच में बालीवुड के डान्स ग्रुप की प्रस्तुति भी होती रहेगी। भोरमदेव महोत्सव में इस बार से एक नई परम्परा की शुरूआत होने जा रही है। कबीरधाम जिले के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों की विशेष उपस्थिति में भोरमदेव महोत्सव का शुभारंभ होगा। भोरमदेव महोत्सव समिति के आमंत्रण तथा प्रस्ताव को जिले के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों ने स्वीकार कर लिया है। समिति द्वारा दो दिवसीय महोत्सव में प्रथम एवं द्वितीय दिन के लिए मंदिर के पुजारियों को विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए प्रस्ताव एवं आमंत्रण भेजा गया था।

कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा आयोजन की तैयारियों के लिए अपनी पूरी प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ जुटे हुए है। भोरमदेव महोत्सव के दो दिनों तक होने वाले मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की तैयारियों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इन दो दिनो में मंदिर में शिव जी की विशेष श्रृंगार, भस्म आरती और रूद्राभिषेक होगे। प्राचीन सरोवर में दीप दान भी होंगे।

भोरमदेव महोत्सव के पहले दिन कबीरधाम जिले के स्कूली बच्चों के सामुहिक नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। मंच में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों की मीनट-टू मीनट कार्यक्रम निर्धारित कर ली गई है। इसके बाद रायपुर के सुप्रसिद्ध पियानों वादक श्री मोहम्मद आयान अपनी प्रस्तुति देंगे। भोपाल की श्रीमती अनुराधा सिंह भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करती हुए कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देगी।

बोडला के रजउ साहू अपनी गुरतुर बोली कवंई के छत्तीसगढ़ की लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मंचीय कार्यक्रम के बाद बीच-बीच में लेजर लाईट शो की और बॉलीवुड के डांस ग्रुप भी अपनी प्रस्तुति देते रहेंगे। रात 8 से 11 बजे बॉलीवुड सिंगर ऐश्वर्या पण्डित बॉलीवुड की सुपर हिट गीतों की प्रस्तुति देकर मंच का शंमा बांधेगी। इसके बाद छत्तीसढ़ की प्रसिद्ध जगराता एवं लोकगीतों के गायन की प्रस्तुति देते हुए दिलीप षडंगी आयोजन को आगे बढ़ाएंगे।

भोरमदेव महोत्सव के दूसरे दिन स्कूली बच्चों के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्याक्रमों का शुभारंभ होगा। छत्तीसगढ़ रायपुर के भजन गायक श्री प्रदीप चौबे द्वारा शिव भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ और ओडिसा से आए डॉ गजेन्द्र पंडया एवं आर्या नंदे द्वारा ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति की झलक दिखाएंगे। गुरूदास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ लोकगीत की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को आगे बढाएंगे। बिलासुपर की अनिल गढेंवाल की टीम द्वारा छत्तीसगढ़ की गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए राज्य की सांस्कृति विरासत की झलक प्रस्तुत करेगे। छत्तीसगढ़ के हास्य कार्यक्रमों के लिए मशहुर कौशल साहू और उनकी टीम महोत्सव के बीच बीच में अपनी प्रस्तुति देते हुए महोत्सव में आए दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके बाद इंडियन आईडल सेलीब्रीटी बॉलीवुड सिंगर फेम अनुष्का बनर्जी, नचिकेत लेले, निहाल तारों एवं उनकी पूरी टीम की सुपर-हिट गीत संगीत से महोत्सव का मंच सजेगा। साथ ही हमर पारा तुहर पारा फेम अनिल मानिकपुरी और उनकी टीम कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए महोत्सव के समापन बेला तक पहुंचाएगे।

## कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान में आम लोग आगे बढ़कर जुड़ रहे है - मोहन मरकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस के सदस्यता बुक के माध्यम से फिजिकल सदस्यता अभियान के बाद अब डिजिटल सदस्यता अभियान में भी लोग आगे बढ़कर जुड़े हैं कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता लेने वालों में डॉक्टर वकील व्यापारी युवा महिलाएं एवं पान ठेला वाला सब्जी विक्रेता,ठेला खोमचा वाला रोज कमाने खाने वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एवं नए मतदाता भी कांग्रेस का झंडा उठाने कांग्रेस के रीति नीति सिद्धांतों से समाज का प्रदेश का और देश को नई दिशा देने विकास करने जुड़ रहे।

अब तक कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान में 5.30 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं और 31 मार्च तक संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि होगी।सदस्यता अभियान की शुरुआत में हमने 10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था लेकिन अभी तक कांग्रेस की सदस्यों की संख्या 12.85 लाख से भी अधिक हो चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस धरातल पर अपनी नीतियों से प्रभावित लोगों को सदस्य बनाती है।कांग्रेस डिजिटल मेंबरशिप अभियान और भाजपा के ऑनलाइन मेंबर शिप अभियान में जमीन आसमान का अंतर है रमन सरकार के दौरान भाजपा के नेताओं ने मिस कॉल से 56लाख सदस्य बनाएं लेकिन 32लाख वोट उनको मिला था भाजपा के मिस कॉल में सदस्य बनने वाले को ही पता नहीं होता था की वो भाजपा के सदस्य हैं।फर्जीवाड़ा कर आंकड़ों की बाजीगरी कर आम जनता को गुमराह कर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भाजपा के सदस्यता अभियान में मोबाइल से मिस कॉल कर धोखा घड़ी करते थे।

कांग्रेस के डिस्टल सदस्यता अभियान में कांग्रेस के सदस्यता लेने वाले के मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है उसकी फोटो प्रत्यक्ष खींची जाती है उनके वोटर आईडी कार्ड के नंबर रजिस्टर्ड होती है तब कहीं जाकर उसे सदस्यता मिलती है और यह एक प्रमाणिक सदस्यता अभियान है।

## मनरेगा अभिसरण से ज्यादा से ज्यादा काम कराने का सभी पहल करें- मंत्री सिंहदेव

### 7 ग्राम पंचायतां में गौरव पथ निर्माण का हुआ भूमि पूजन

### दो पुलिया निर्माण की मिली स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर । छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में रविवार को ग्राम पंचायत हर्रा टिकरा में 7 ग्राम पंचायतों में गौरव पथ निर्माण का भूमि पूजन हुआ।

अम्बिकापुर जनपद के 5 और लुण्ड्रा जनपद के 2 ग्राम पंचायतों में कुल 8.2 किलोमीटर लम्बी गौरव पथ का निर्माण 6 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास निगम के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर 2 पुलिया निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।



पंचायत मंत्री श्री सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित कहा कि विकास के कार्य निरंतर चले रहते है आज एक काम की शुरुआत हुई तो कल दूसरी की होगी। 7 ग्राम पंचायतों में गौरव पथ का जो निर्माण होगा उसमें सड़क के दोनों ओर व्ही आकार के नाली बनेगा निससे नाली की सफाई में दिक्कत नहीं होगी।

सड़क कांक्रीट का होगा जिसकी चौड़ाई करीब 6 मीटर होगी। पीएमजीएसवाय की सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर ही होती है। उन्होंने कहा कि पंचायतो में जो भी निर्माण कार्य की मंजूरी मिलती है उसमें लेबर खर्च की राशि को मनरेगा से अभिसरण कराएं जिससे लेबर की राशि से मनरेगा से मिल जाएगा और अन्य कार्य विभाग से होगा तो और ज्यादा कार्य हो सकेगा। अधिकारी और जनप्रतिनिधि मनरेगा से अभिसरण के माध्यम से अधिक से अधिक कार्य कराने की पहल करें। पंचायत मंत्री ने कहा कि पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार प्राथमिकता तय करें और काम शुरू करें क्योंकि बहुत सारे काम एक साथ नहीं हो सकते। स्वास्थ्य सुविधाओं में विगत वर्षों की तुलना में सुधार आया है लेकिन और बेहतर करने की जरूरत है। प्रदेश में कुष्ठ, टीबी बीमारी पर नियंत्रण पाया गया है वही सिकलसेल और कुपोषण पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने किसानों को गैर धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए खेतों में पेड़ लगाने पर प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये आदान सहायता के रूप में देगी।

लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने कहा कि लोगां को सुविधा देने के लिए गांव-गांव में सड़क बन रही है। विकास के कार्य चलते रहते है यहां तक कि कोरोना काल मे भी यह कार्य नहीं थमा। सरकार की बेहतर प्रबन्धन से कोरोना का दुष्प्रभाव दूसरे प्रदेशों की तुलना में कम पड़ा।

'8 सड़क निर्माण हेतु बजट में किया गया शामिल'- पंचायत मंत्री ने बताया कि वर्ष 2022-23 के बजट में 8 सड़कों को शामिल किया गया है। इनमें साइडबार से मेडिकल कॉलेज तक 2 किलोमीटर, मेण्ड्राकला से उदयपुरढाब तक 3 किलोमीटर, केशवपुर से आमगांव तक 3 किलोममीटर, लब्जी छापर से लब्जी खास उप स्वास्थ्य केंद्र तक 3 किलोमीटर, सपना मेन रोड से पखनापारा तक 3 किलोमीटर, सोनपुर के बांकी नदी फलियां सड़क 2.50 किलोमीटर, जगदीशपुर से मेण्ड्राकला केनाल रोड 11 किलोमीटर शामिल है। कार्यक्रम के दौरान 6 लोगों को वनाधिकार पत्र भी वितरित किये गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ननकी सिंह, जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता, पार्षद द्वितेन्द्र मिश्रा, पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता वाय.के. शुक्ला, तहसीलदार भूषण मंडावी, जनपद सीइओ श्री एस.एन.तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 351 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले के मंदिर परिसर स्थित मेढका डोबरा स्थल में 351 नव युगलों ने मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती देवती महेन्द्र कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुलोचना कर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश छिकारा, अपर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, महिला बाल विकास अधिकारी श्री वरूण नागेश सहित पत्रकार, कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित थे।



विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने गोंडी भाषा में संबोधित करते हुए परिणय सूत्र में बंधे नव जोड़ों को बधाई व शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने भी वर वधु को उनके जीवन के नए पढ़ाव में कदम रखने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित कन्या विवाह योजना गरीब परिवार की कन्याओं के लिए विशेष प्रयास है। लोग योजना का लाभ लेने जागरूक हो रहें है। ऐसी बहुत सी योजनाएं है जिनका लाभ ले। इसी तरह पूना माड़ाकाल का सपना साकार करने अग्रसर हो रहें हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने भी नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत 348 जोड़े ने हिन्दू रीतिरिवाज से विवाह किए जिनमें से 8 आत्मसमर्पित जोड़े भी शामिल है।

तीन जोड़े का विवाह इसाई रीति से कराया गया। इस अवसर पर वर-वधु को विभाग द्वारा सामग्री में बर्तन, गद्दा, काली मोती की माला चांदी की पेण्डल सहित, चांदी की बिछिया, चांदी के पायल, श्रृगार सामग्री का सेट, प्लास्टिक कुर्सी, टार्च, टेबल पंखा, हाथ घड़ी, चटाई, प्रेशर कुकर,(6 लीटर), स्टील ड्रम, स्टील परात, वैवाहिक साड़ी, धोती कुरता, साफा एवं गठजोड़, चुनरी जूता चप्पल, टीन की पेटी, चादर, तकिया, जैसी गृहस्थ की सामान दी गई। वधु को चांदी की मंगलसूत्र तथा बिछिया भी विशेष उपहार के रूप में भेंट की गई।

## होली मिलन समारोह सम्पन्न

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पाण्डुका के तत्वाधान में मण्डल का होली मिलन समारोह का आयोजन जतमई धाम में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर स्वेता शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अंजु नायक, मण्डल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राजिम कमल सिन्हा, मंडल अध्यक्ष फिंगेश्वर प्यारेलाल सोनकर, भीषम ध्रुव, छमेश्वर ध्रुव, राकेश साहनी, मारुति नंदन महराज आदि सम्मिलित हुए।


















## खास खबर

### छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अन्य स्कूलों से शिक्षकों के 358 पदों की कटौती

**रायपुर।** राज्य के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के विद्यालयों को चलाने के लिए अन्य स्कूलों के शिक्षकों के पदों में कटौती की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के अन्य हाई-हायर सेकेंडरी स्कूलों से 358 पदों की कटौती करके इन पदों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया है। प्रदेशभर में 171 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हैं। यहां एक लाख 35 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। 26 विद्यालय ऐसे हैं जहां हिंदी माध्यम के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इनकी संख्या कम है और 106 विद्यालय ऐसे हैं जहां पर बड़ी संख्या में हिंदी माध्यम के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इन विद्यालयों में 358 अन्य स्कूलों के शिक्षकों के पदों को स्थानांतरित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार ने बजट में 32 उत्कृष्ट विद्यालयों की घोषणा की है। इन विद्यालयों में जो शिक्षक वर्तमान में पढ़ा रहे हैं। उन शिक्षकों को यथावत रखने की बाध्यता नहीं है। उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस बात का परीक्षण करना होगा कि वर्तमान में पदस्थ शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय के लायक हैं या नहीं।

रायपुर में हिंदी माध्यम के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें प्रोफेसर जेएन पांडेय स्कूल, जेआर दानी गर्ल्स स्कूल, मायाराम सुरजन उत्कृष्ट और माधवराव सप्रे उत्कृष्ट शामिल है। बतादें कि उत्कृष्ट शिक्षा विभाग ने तीन ऐसे स्कूलों को चुन लिया है जो कि महज 500 मीटर के दायरे में ही आते हैं। ऐसे में पहली से 12वीं तक यहां हिंदी माध्यम में पर्याप्त बच्चे मिल पाना मुश्किल हो सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ान को मंजूरी मिलने के बाद रायपुर से विदेशी उड़ानों के लिए बुकिंग शुरू

**रायपुर ( ए )।** केंद्र सरकार के आदेश के बाद एयरलाइंस कंपनियों को नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुमति मिल चुकी है। ऐसे में राजधानी से विदेशी उड़ानों की बुकिंग भी शुरू हो रही है। इससे पहले कोविड-19 प्रोटोकाल के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगी हुई थी। एयर ट्रैवल एजेंसियों के मुताबिक राजधानी से दुबई, थाईलैंड, मलेशिया, मालद्वीव सहित यूरोप के कई देशों के लिए राजधानी से बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। दो साल बाद ऐसी स्थिति आई हैं, जब लोग समर सीजन के लिए विदेशी उड़ानों के लिए बुकिंग करा रहे हैं। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक बीते एक हफ्ते 40 हजार से अधिक यात्रियों ने उड़ान भरी। एयरपोर्ट से अब हर हफ्ते उड़ानों की संख्या 360 पार कर चुकी है माना एयरपोर्ट से अब प्रतिदिन 5000 से 6000 यात्री सफर कर रहे हैं नए समर शेड्यूल के बाद यात्रियों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। राजधानी के एयर ट्रेवल्स एजेंसियों के मुताबिक रायपुर और प्रदेश के अन्य जिलों से हर साल बड़ी संख्या में विदेश यात्राएं होती है,जिसमें सबसे ज्यादा संख्या बिजनेस क्लास और पर्यटन से जुड़े यात्रियों की होती है। जो एशिया और यूरोप के देशों की यात्राएं करते हैं। 20 मार्च 2020 से नियमित विदेशी उड़ानों पर रोक लगाई गई थी, जिसके बाद 27 मार्च 2022 से नियमित उड़ाने फिर से शुरू हो चुकी है।

### शंकरनगर वार्ड में भाजपाइयों ने सुनी मोदी की मन की बात

**रायपुर।** शहर के शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के मन की बात भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी। वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनने बड़ी संख्यां में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड के रहवासी एकत्र हुए। इस मौके पर मन की बात के जिला संयोजक बजरंग खंडेलवाल, जोन क्रमांक तीन के अध्यक्ष डा. प्रमोद साहू, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन पटेल, राष्ट्रीय कार्य समिति गुंजन प्रजापाति, अन्य पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुनील चौधरी, मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर, मंडल महामंत्री द्वय मधुसूदन शर्मा सहित आदि उपस्थित थे।

# भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने की जरूरतः भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री बघेल भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए

### माता कर्मा धाम के ऑडिटोरियम का किया भूमि पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भक्त माता कर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी रायपुर के कृष्णा नगर स्थित कर्मा धाम में आयोजित जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। उन्होंने भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान कार्यक्रम में किया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले कर्मा धाम में भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने माता कर्मा धाम में बनने वाले ऑडिटोरियम का भूमि पूजन और शिलान्यास किया और परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, लोकसभा सांसद सुनील सोनी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष विपिन साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, जिला साहू समाज के अध्यक्ष मेघराज साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साहू समाज के पदाधिकारी और सदस्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कर्मा धाम में भक्त माता कर्मा की 1005 वीं जयंती के अवसर पर 21 से 28 मार्च तक जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज और ग्रीन आर्मी द्वारा गोबर के गमले में रूद्राक्ष का पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए सभी लोगों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने माता कर्मा के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हमारे मन में अटूट विश्वास, श्रद्धा और समर्पण है, तो कोई भी ऐसा लक्ष्य नहीं है, जिसे हासिल ना किया जा सके। माता कर्मा ने यह साबित किया कि भक्त की श्रद्धा में यह शक्ति है कि भगवान को भी प्रकट होने पर विवश कर दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है, लेकिन इसके बाद कोरोना संकट के कारण भक्त माता कर्मा जयंती के समारोहों का आयोजन विगत दो वर्ष नहीं किया जा सका। अब स्थिति सामान्य होने पर फिर से सार्वजनिक और धार्मिक आयोजन शुरू हो गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हालांकि इस समारोह का आयोजन साहू समाज द्वारा किया जाता है, लेकिन गांव के सभी समाज के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। छत्तीसगढ़ में जयंती समारोह के दौरान गांवों में कलश यात्रा और शोभा यात्रा निकालने की भी परंपरा है। इसके माध्यम से भक्त माता कर्मा, भगवान श्रीकृष्ण और बलभद्र का स्मरण करते हैं। भगवान जगन्नाथ के भोग के रूप में खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन और समर्पण में शक्ति होती है, हमें भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलते हुए समाज को जोड़ने और समाज में कटुता को दूर कर सामाजिक समरसता और भाई चारे के लिए काम करना है। उन्होंने समाज द्वारा कर्मा धाम के लिए आरक्षित जमीन का पट्टा उपलब्ध कराने की मांग पर कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न समाजों को सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों के लिए भवन निर्माण के लिए जमीन बाजार मूल्य के मात्र 10 प्रतिशत मूल्य पर दी जा रही है। साहू समाज भी इस दिशा में जल्द पहल करें।

गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस अवसर पर भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन, समरसता और भाई चारे का वातावरण बनाकर रखें और संगठन को मजबूत बनाकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक प्रयोजनों के लिए विभिन्न समाजों को मात्र 10 प्रतिशत मूल्य पर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है, इसमें 90 प्रतिशत छूट दी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को आयोजकों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# फैशन शो में दिखा खादी वस्त्रों का जलवा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शहरी और ग्रामीण महिलाओं ने रायपुर के पंडरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट परिसर में आयोजित फैशन शो में खादी और हाथकरघा के वस्त्रों का प्रदर्शन किया। फैशन शो में जहां युवक-युवतियां और बच्चे पारम्परिक खादी वस्त्र पहनकर रैम्प पर नजर आए, वहीं ग्रामीण अंचलों की महिलाएं भी खादी और हाथकरघा साड़ियों में रैम्प पर चलती नजर आयीं। इस फैशन शो की कोरियोग्राफी क्रेजी चैम्पस ने किया। इस अवसर पर खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि खादी वस्त्र आधुनिकता के इस दौर में अपना प्रभाव दिखा रहा है। यह आज इस फैशन शो में देखने को मिला। यह फैशन शो निश्चित तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहेगा, जिस प्रकार से इस फैशन शो को दर्शकों से अच्छा प्रतिसाद मिला है वह सराहनीय है। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश वंदना से हुई। फैशन शो पांच राउंड में किया गया, प्रथम राउंड में 12 युवक-युवतियों और 2 बच्चों ने खादी के फैशनेबल कपड़ों का प्रदर्शन किया। दूसरे राउंड के ट्रायबल फैशन में ससुराल गेंदा फूल की धुन पर 8 महिलाएं नृत्य करते हुए चंद्रपुर की पारम्परिक जाला और सरगुजा की गोदना साड़ियों का प्रदर्शन किया। इसी तरह तीसरे राउंड में सिल्क वस्त्रों के साथ रैम्प पर युवक-युवतियां नजर आयीं। चौथे राउंड में 10 युवक-युवतियां और 2 बच्चों ने वैवाहिक परिधानों के साथ का प्रदर्शन किया। अंतिम राउंड में क्रेजी चैम्पस के मॉडलों ने छत्तीसगढ़ी ददरिया गीत में मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ग्रामोद्योग डॉ. आलोक शुक्ला, छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक रेखा शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में दर्शकों ने इसका लुत्फ उठाया।

# छत्तीसगढ़ धीवर समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए मंत्री डॉ. डहरिया

### शेड, आहता एवं सामुदायिक शौचालय का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग विकासखण्ड के ग्राम सिवनी गोढ़ी में छत्तीसगढ़ धीवर (ढीमर) समाज कोटनी परगना के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 5 लाख रूपए की लागत से बने शेड एवं आहता तथा 3 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बने सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि धीवर समाज के लोग मेहनती एवं परिश्रमी हैं। उन्होंने कहा कि मत्स्यपालन में समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका फायदा सभी लोगों को उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर डोमेश्वरी वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष आरंग खिलेश देवांगन सहित कोमल साहू, पुरूषोत्तम धीवर, लीलाराम तारक, दिलीप धीवर सहित धीवर समाज के अन्य पदाधिकारी एवं पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में एक साथ आ रही गर्म और ठंडी हवा, बढ़ेगी गर्मी

**रायपुर ( ए )।** रायपुर समेत छत्तीसगढ़ में गर्मी सताने लगी है। दोपहर के समय सूरज की तीखी किरणों से लोग परेशान हो रहे हैं। इस बीच सोमवार से अगले आने वाले कुछ दिनों तक फिलहाल तापमान बढ़ने के आसार हैं। सोमवार को छत्तीसगढ़ में आकाश साफ रहेगा और शहर का अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश 39 डिग्री सेल्सियस और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार प्रदेश में उत्तर-पश्चिम से गरम और शुष्क हवा आ रही है और दक्षिण छत्तीसगढ़ में दक्षिण से नमी युक्त और अपेक्षाकृत ठंडी हवा आ रही है। इसके कारण प्रदेश में अधिकतम तापमानों में वृद्धि होने की संभावना है और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

बस्तर संभाग में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है, लेकिन अधिकतम तापमान में वृद्धि का ट्रेंड बनने की संभावना है। राजधानी समेत प्रदेश भर में तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। प्रदेश के अन्य इलाकों में मौसम शुष्क रहा। अधिकतम तापमान में प्रदेश के सभी संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर और बस्तर में सामान्य से अधिक और अन्य संभाग में सामान्य तापमान रिकार्ड किया गया।

# क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन कल से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय के लिए रायपुर के पंडरी हाट में क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 29 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले इस दस दिवसीय मेले में छत्तीसगढ़ के साथ ही कई राज्यों के ग्रामीण समुदायों द्वारा निर्मित सामग्रियों की बिक्री और प्रदर्शन किया जाएगा। मेला में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के फूड स्टॉल में लोग स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। मेलास्थल में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। 'बिहान' के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित व निर्मित प्राकृतिक उत्पादों के प्रोत्साहन और विक्रय के लिए आयोजित इस मेला में लोग प्रतिदिन सवेरे 11 बजे से रात नौ बजे तक प्रदर्शनी, खरीदी, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों तथा सांस्कृतिक संध्या का आनंद ले सकेंगे। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांवों की समृद्धि और रोजगार के लिए संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-'बिहान' योजना के अंतर्गत इस क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में 'बिहान' के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गठित महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित कई विशिष्ट जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-विक्रय की व्यवस्था रहेगी।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर

| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |

मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

# अमेरिका में 2 अप्रैल को रिलीज होगी छत्तीसगढ़ी फिल्म मार डारे मया म

**गजेन्द्र श्रीवास्तव प्रोडक्शन में बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म मार डारे मया म को अमेरिका में प्रदर्शित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में ऐसा पहली बार हो रहा है कि कोई छतीसगढ़ी फिल्म देश के बाहर सिनेमा घर में प्रदर्शित हो रही है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ से पहले 2 अप्रैल को नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ असोसिएशन (नाचा) के सहयोग से अटलांटा जॉर्जिया अमेरिका में रिलीज हो रही है। इसके बाद सैन फ्रांसिस्को और न्यू जर्सी में भी इस फिल्म को रिलीज़ किया जाएगा।**





फिल्म के निर्माता गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी फिल्म मार डारे माया मा 8 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में लगभग 20 शहरों के 25 स्क्रीनस् में एक साथ रिलीज हो रही है। इस फिल्म का अमेरिका में वितरण दुबेस् इंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है, जो की छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता मनीष दुबे की अमेरिकन कंपनी है।

### अमेरिका में निवासरत छत्तीसगढ़िया हैं उत्साहित

नाचा के अध्यक्ष गणेश कर ने बताया कि फिल्म मार डारे मया म के प्रीमियर शो को लेकर अमेरिका में निवासरत छत्तीसगढ़िया बहुत उत्साहित हैं। अमेरिका के रोसमेल शहर के डीजीमेक्स थिएटर में इस फिल्म को 2 अप्रेल को प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म मार डारे माया म के डायरेक्टर मनीष मानिकपुरी है, और इस फिल्म के मुख्य भूमिका में अनुज शर्मा और लिप्सा मिश्रा है जबकि खलनायक के रूप में सुनील तिवारी नजर आएंगे, फिल्म में क्रांति दिक्षित, पूरन किरी, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजलि सिंह चौहान, योगेश अग्रवाल, जैसे छत्तीसगढ़ के दिग्गज कलाकार है। फिल्म के गाने यूट्यूब और सोशल मिडिया में पहले ही देश विदेश में लोकप्रिय हो चुके है।

फिल्म के गाना फूल हासन लोगो ने खूब पसंद किया है जिसे लगभग 4 मिलियन लोगो ने देखा है, फिल्म का दूसरा गाना घेरी बेरी को सोशल मीडिया में खूब सराहा जा रहा है इस फिल्म के गानों पर हजारों की संख्या में इंस्टाग्राम रील्स बन चुके है। छत्तीसगढ़ के लोगो मे मार डारे मया म फिल्म को लेके बहुत उत्सुकता है लोग इस फिल्म के रिलीज का बेसबरी से इंतजार कर रहे है।

# Ultra Music Festival 2022: सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल में परफॉर्म हुआ 'पुष्पा' का गाना 'ऊं अंतावा', सामंथा प्रभु को नहीं हुआ यकीन



साउथ सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्प पुष्पा जबरदस्त हिट साबित हुई थी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के एक्शन और दमदार डायलॉग डिलीवरी ने फैंस का दिल जीत लिया था, लेकिन एक्ट्रेस सामंथा प्रभु ने कुछ ही देर के अपने गाने से महफील लूट ली थी। पुष्पा फिल्म का आइटम सॉन्ग 'ऊं अंतावा' भी खूब हिट हुआ था। इस गाने में एक्ट्रेस सामंथा प्रभु ने अपने हॉट लुक्स और किलर मूव्स से फैंस का दिल लूट लिया था। अब इस गाने को सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल में परफॉर्म किया गया है। सामंथा प्रभु ने खुशी जाहिर करते हुए अपनी इंस्टास्टोरी से वीडियो भी शेयर किया है।

फिल्म पुष्पा में 'ऊं अंतावा' के लिए सामंथा ने खूब वाह-वाही लूटी थी और अब इस गाने ने अंतराष्ट्रीय संगीत समारोह में भी अपनी जगह बना ली। वीडियो में देखा जा सकता है कि इस गाने पर पर्फॉर्मेंस के दौरान दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं पा रहे हैं, और पूरे हॉल में सिर्फ तालियों की गड़गड़ाहट के साथ चीयर करने का शोर सुनाई दे रहा हैं। इस वीडियो को सबसे पहले ट्वीटर पर शेयर किया गया, जिसे देखकर सामंथा हैरान रह गईं और उन्होंने भी इस कोट करते हुए लिखा-क्या ये तुम श्योर हो कि ये अल्ट्रामियामी है।

अल्ट्रा मियामी फेस्टिवल में ऊं अंतावा पर परफॉर्मेंस देखकर एक्ट्रेस सामंथा बेहद खुश हैं और एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम से इस वीडियो को शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने लिखा, यह एक स्पेशल...स्पेशल जीत की तरह लगता है। अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भी सामंथा प्रभु की इस स्टोरी को अपने इंस्टाग्राम से री पोस्ट किया है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने किया विवेक अग्निहोत्री का बचाव, कहा- सबका अपना नजरिया होता है

देशभर में बीते कई समय से विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म में कश्मीर में हुए नरसंहार को देख जहां कई लोग व्यथित हैं तो वहीं कई लोग इसे देख आक्रोशित नजर आ रहे हैं। फिल्म को देखने के बाद अलग- अलग लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आए हैं। इसी बीच अब बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भी इस फिल्म पर अपना पक्ष रखा है।

फिल्म द कश्मीर फाइल्स पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने कहा कि, 'मैंने अभी तक यह फिल्म नहीं देखी है, लेकिन मेरा मन है और जरूर देखूंगा।' उन्होंने कहा कि 'हर डायरेक्टर का फिल्म बनाने को लेकर अपना एक नजरिया होता है। विवेक अग्निहोत्री ने भी अपने नजरिए से इस फिल्म को बनाया है, जो कि अच्छा है। आगे भी कई लोग अपने नजरिए से फिल्म बनाएंगे और यह अच्छी बात है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्मों में कुछ चीजें जोड़ी भी जाती हैं। ऐसे में जब निर्देशक ऐसी फिल्में बनाते है तो जाहिर है फैक्ट चैक कर के बनाएंगे।

गौरतलब है कि फिल्म रिलीज होने के बाद से ही इसे देशभर में मिली- जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। इस पर राजनीति से लेकर मनोरंजन जगत तक की कई बड़ी हस्तियां अपने विचार रख चुकी हैं।

# केजीएफ चैप्टर 2 का शानदार ट्रेलर रिलीज दमदार एक्शन से यश ने जीता सबका दिल

**साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 की सफलता के बाद अब दर्शक इस फिल्म के दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता को देखते हुए मेकर्स ने पहले ही इसके कई पोस्टर्स जारी कर दिए हैं। इसी क्रम में अब दर्शक इसके ट्रेलर के लिए बेताब हैं। ऐसे में अब फैंस का इंतजार खत्म हो चुका है। मेकर्स ने रविवार को फिल्म के दूसरे भाग का ट्रेलर जारी कर दिया है।**




केजीएफ: चैप्टर 2 के ट्रेलर के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने कुछ दिनों पहले ही बताया था कि 27 मार्च शाम 6 बजकर 40 मिनट पर केजीएफ2 का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। सामने आए फिल्म के ट्रेलर में साउथ एक्टर यश का दमदार अभिनय देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और एक्टर संजय दत्त भी शानदार अंदाज में दर्शकों का दिल जीतते दिखाई दिए।

फिल्म का ट्रेलर एक लॉन्च इवेंट में जारी किया गया। इस दौरान हिंदी सिनेमा के मशहूर फिल्म मेकर करण जौहर भी नजर आए। इस इवेंट में फिल्म के बारे में बात करते हुए कन्नड़ सिनेमा के दिवंगत अभिनेता पुनीत राजकुमार को भी याद किया। इसके साथ ही 6:40 बजे फिल्म का कन्नड़ भाषा में ट्रेलर लॉन्च किया गया। इसके बाद हिंदी और फिर अन्य भाषाओं में भी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। सामने आए ट्रेलर में सुपरस्टार यश ने एक बार फिर अपने जबरदस्त एक्शन से सबका दिल जीत लिया। वहीं, ट्रेलर में अभिनेत्री रवीना टंडन और एक्टर संजय दत्त भी फुल फॉर्म में दिखाई दिए। कन्नड़ भाषा में बनी इस फिल्म का पहला भाग साल 2018 में रिलीज किया गया था। वहीं, इसके दूसरे भाग की बात करें तो पहले भाग की ही तरह केजीएफ2 को भी हिंदी, तेलुगू तमिल और मलयालम भाषा में डब किया गया है। यह फिल्म इसी साल 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जी तमिल, जी तेलुगू, जी केरलम और जी कन्नड़ ने फिल्म के सेटेलाइट राइट्स खरीदे हैं।

केजीएफ1 की ही तरह फिल्म के दूसरे भाग में भी यश और श्रीनिधी शेट्टी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और एक्टर संजय दत्त भी अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे। संजय फिल्म में खलनायक अधीरा की भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि कोरोना की वजह से कई बार फिल्म की रिलीज डेट कई बार टाली जा चुकी है।

# नरगिस फाखरी ने किया खुलासा क्यों हुई थीं बॉलीवुड से दूर, अब दो साल बाद साउथ की फिल्म में आएंगी नजर



बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। एक वक्त ऐसा था जब नरगिस की खूब फिल्में आ रही थीं और लोग भी उन्हें देखना पसंद कर रहे थे, लेकिन अचानक ही वह बॉलीवुड से दूर हो गईं। अब अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि अपने बढ़ते करियर ग्राफ के बीच उन्होंने ये फैसला क्यों लिया और वह बॉलीवुड से दूर क्यों हो गई थीं।

अपने एक इंटरव्यू में नरगिस ने कहा कि मुझे उस वक्त ये एहसास हुआ कि मैं बहुत ज्यादा काम कर रही हूं और इसका स्ट्रेस ले रही हूं। मैं अपने परिवार और दोस्तों को मिस करने लगी थी। मुझे अच्छी तरह से याद है कि साल 2017 में मैंने ऐसा महसूस किया था कि मैं वो नहीं कर रही हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है। मैं लगातार कई फिल्में कर रही थीं। तब मुझे लगा कि इस वक्त ब्रेक की जरूरत है। मुझे अपने दिमाग और शरीर के बीच संतुलन बिठाना था, इसलिए मैंने ये फैसला लिया।

अभिनेत्री अब दो साल बाद फिर से बड़े पर्दे पर लौट रही हैं, लेकिन इस बार साउथ की फिल्म के साथ। नरगिस जल्द ही पवन कल्याण के साथ तेलुगू फिल्म 'हरी हरा वीरा मल्लू' में नजर आएंगी। आपको बता दें कि नरगिस ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत रणबीर कपूर के साथ 'रॉकस्टार' के साथ की थी। इसके बाद वह कई फिल्मों 'मैं तेरा हीरो', 'मद्रास कैफे', 'अजहर', 'हाउसफुल 3' में नजर आईं।

वहीं, नरगिस साल 2015 में हॉलीवुड फिल्म 'स्पाई' में भी नजर आई थीं। आखिरी बार नरगिस साल 2020 में ओटीटी पर आई फिल्म 'टोरबाज' में दिखी थीं, जिसमें उनके साथ संजय दत्त और राहुल देव भी थे। नरगिस के वापस लौटने से उनके फैंस काफी खुश हैं और जल्द उन्हें बड़े पर्दे पर देखने को उत्सुक हैं।

### सबसे ज्यादा कमाने वाली फ्रेंचाइजी फिल्में

# अकेले मार्वल सिनेमा की कमाई 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ऊपर, 27 फिल्मों से कमाए 1.95 लाख करोड़ रुपए

**4 मार्च को रिलीज हुई दी बेटमैन ने 606 मिलियन डॉलर यानी करीब 4631 करोड़ रुपए कमाए हैं। बेटमैन हो या जेम्स बॉण्ड, जुरासिक पार्क हो या एवेंजर्स, इन सारी फ्रेंचाइजी फिल्मों ने कमाई के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। इसमें सबसे ऊपर मॉर्वल के सुपरहीरो हैं। द मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स की 27 फिल्मों की कमाई दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है। जी हां, मार्वल के सुपरहीरोज की 27 फिल्मों ने 1.95 लाख करोड़ रुपए की कमाई की है। जो जिम्बाब्वे और उसके जैसे 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है।**

### द मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स


केवल 12 साल में 27 फिल्में रिलीज होने के साथ, मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स सिनेमा इतिहास की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की और भी फिल्में हैं जो रिलीज होने वाली हैं। 2008 के बाद से, एमसीयू ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की है। फ्रेंचाइजी में शामिल एवेंजर्स एंडगेम अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस सीरीज ने कुल 1.96 लाख करोड़ रुपए कमा कर इतिहास रच दिया है। फिल्मी दुनिया के एक्सपर्ट्स का तो ये मानना है कि इसका रिकॉर्ड तोड़ना असंभव है।

### स्टार वॉर्स

1977 से शुरु हुई इस सीरीज ने अबतक बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा कायम किया हुआ है। 40 सालों में इस सीरीज की 12 फिल्में रीलीज हुई हैं। इस सीरीज की स्काईवॉकर सागा, स्टैंडअलोन स्पिनऑफ एनिमेटेड फीचर ने रिकॉर्डतोड़ टिकटों की बिक्री की है। इन फिल्मों ने विश्व स्तर पर टिकटों की बिक्री में कुल मिलाकर 78.8 हजार करोड़ से अधिक की कमाई की है।

### हैरी पॉटर

2001 में बॉय हू लिव्ड पहली बार स्क्रीन पर आने के बाद से हैरी पॉटर ने सभी को अपना दिवाना बना दिया। 22 सालों में इस सीरीज की कुल 10 फिल्में स्क्रीन पर आ चुकी हैं। सीरीज की 3 और फिल्में पर्दे पर आने वाली हैं। हॉगवर्ट्स स्कूल ऑफ विचक्राफ्ट एंड विजार्ड्री पर आधारित इन फिल्मों की बच्चों में अच्छी खासी दिवानगी है।



### जैम्स बॉन्ड

फिल्मों के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाली सीरीज में से एक जैम्स बॉन्ड है। 1963 में इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म डॉ नो आई थी जिसके बाद से पिछले 59 सालों में इस फ्रेंचाइजी की 26 फिल्में आ चुकी हैं। इस फ्रेंचाइजी की आखीरी फिल्म नो टाइम टू डाय 2021 में सीनेमाघरों में आई थी और एक और एक ओर फ्रेंचाइजी अक्टूबर में रिलीज को तैयार है। इस सीरीज में लीड कैरेक्टर्स की बात की जाए तो अबतक 7 एक्टर्स 007 का किरदार निभा चुके हैं।

### स्पाईडर मैन

बैटमैन की तरह, स्पाइडर-मैन फिल्म उद्योग में अपनी खुद की स्टैंडअलोन फ्रेंचाइजी की गारंटी देने के लिए पॉपुलर है। इस फ्रेंचाइजी में अब तक 3 एक्टर्स ने स्पॉइडरमैन की भूमिका निभाई है। 2002 में शुरु हुई इस सीरीज की अबतक 10 फिल्में आ चुकी हैं। सीरीज की पहली फ्रेंचाइजी स्पाइटर मैन इन ब्लैक थी।

### फास्ट एंड फ्यूरियस

2001 से शुरू हुई इस सीरीज ने अब भी अपना जलवा कायम रखा है। इस सीरीज की पहली फिल्म द फास्ट एंड द फ्यूरियस थी और अभी 2 फिल्में पर्दे पर आने की तैयारी में है। इस सीरीज की फिल्में देखकर आपको बहुत बचकाना सा और बहुत ही काल्पनिक लगेगा लेकिन फिर भी इस सीरीज की फिल्में पर्दे पर धमाल मचाती आई हैं। 22 सालों में इस सीरीज की कुल 9 फिल्में पर्दे पर आ चुकी हैं और 2 अभी आने की तैयारी में है।

### एक्स मेन-

ये दुनिया की आठवीं सबसे कमाई करने वाली फ्रेंचाइजी है। एक्स मैन सुपरहीरो पर आधारित फ्रेंचाइजी है जिसके अधिकार मार्वल स्टूडियोज ने खरीद लिए हैं। ये सीरीज कॉमिक बुक पर आधारित है। जिसकी अबतक 13 फिल्में आ चुकी हैं।

### बैटमेन

सुपरमैन पर आधारित इस सीरीज को 79 साल हो चुके हैं लेकिन अब भी इनका क्रेज बना हुआ है। बता दें कि इस सीरीज की अबतक 35 फिल्में आ चुकी हैं।

### द लॉर्ड ऑफद रिंग्स

2001 में आई इस सीरीज की अबतक 3 फिल्में आई हैं। यह फिल्म इसी नाम की नोबेल पर आधारित है। यह काफी पॉपुलर सीरीज है। बता दें कि ये एक फेंटेसी फिल्म है जिसे पीटर जैक्सन ने डॉयरेक्ट किया है।















## खास खबर

### पुरानी पेंशन बहाली पर 12 शिक्षक संगठनों के सदस्य मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करेंगे 29 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संवर्ग/पंचायत सचिव मंच में शामिल 12 संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि सन् 2004 से पुरानी पेंशन योजना बंद होने से देश प्रदेश के लाखों कर्मचारी- अधिकारी सेवानिवृत्ति के उपरांत परेशान थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट सत्र में लाखों कर्मचारियों और अधिकारियों की बहुप्रतिक्षित बंद पेंशन योजना को पुन: बहाल कर सदस्यों के जीवन में खुशहाली लाई है, जिसकी वजह से सम्पूर्ण शिक्षक बिरादरी में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मंच द्वारा बुढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में 29 मार्च को दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह एवं आभार प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त समारोह में संसदीय सचिव चन्द्रदेय राय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के मख्य आतिथ्य में केबिनेट मंत्रियों तथा संसदीय सचिवों का भव्य सम्मान किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में 12 शिक्षक संगठनों के पदा धिकारियों में केदार जैन, वीरेन्द्र दुबे, चन्द्रभानू मिश्रा, विवेक दुबे, तुलसी साहू, हरीश देवांगन, चेतन बघेल, संजय तिवारी, लैलूंन भारद्वाज, डॉ. भूपेन्द्र गिलहरे, भूपेन्द्र बनाफर एवं नरेन्द्र ठाकुर शामिल हुए।

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**जगदलपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जगदलपुर की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन आज हुआ। इसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. केएल.आजाद और सचिव डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन सहित चिकित्सकों ने जिम्मेदारी का निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली। आईएमए जगदलपुर के संरक्षक डॉ. जेडी.दुल्हानी एवं डॉ. हेमंत कुमार बनाये गए हैं। डॉ. जॉन मशीह एवं डॉ. खिलेश्वर सिंह उपाध्यक्ष बनाये गए, डॉ. टीसी. आडवाणी कोषाध्यक्ष, डॉ. एस.बंसल, डॉ. ज्योति लागु एवं डॉ. एम. मेश्राम सहसचिव बनाए गए। आईएमए सदस्य के रूप मे डॉ. आरबीपी. गुप्ता, डॉ. के. विनय कुमार, डॉ. एलएल. ठाकुर, डॉ. सरिता थॉमस बनाये गए। सभी पदाधिकारी व सदस्यों को डॉ. जेडी. दुल्हानी ने शपथ दिलवाई। नये सदस्य के रूप मे डॉ. छाया शोरी, डॉ. मनी किरण, डॉ. नेहा चंद्राकर, डॉ. बिथिका, डॉ. कस्तूरी, डॉ. महेश, डॉ. अभिजीत चिखलीकर, डॉ. राज, डॉ. कुलदीप, डॉ. ममता बंसल, डॉ. महेश, डॉ. रवि चंद्रा, डॉ. सेतु उपस्थित थे। अध्यक्ष डॉ केएल. आजाद ने कहा कि भारतीय चिकित्सक संघ भारत के आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सकों का स्वैच्छिक संगठन है।

# अध्यात्म का मूल तत्व मानव जाति का कल्याण और सेवा है-राष्ट्रपति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आज (27 मार्च, 2022) हरिद्वार में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के रजत जयंती समारोह के समापन समारोह में भाग लिया और उसे संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन के रजत जयंती समारोह में उपस्थित होना उनके लिए बहुत प्रसन्नता की बात है, जो अपनी स्थापना के बाद से मानवता के कल्याण में लगातार योगदान दे रहा है।**




उन्होंने कहा कि अध्यात्म का मूल तत्व मानव जाति का कल्याण और सेवा है और दिव्य प्रेम सेवा मिशन निरंतर उसी पथ पर चल रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि वह इस मिशन के कार्यकलापों और विकास को तब से देख रहे हैं जब से इसने हरिद्वार में एक झोपड़ी में कुष्ठ पीड़ित लोगों के लिए चिकित्सा सेवाएं आरंभ की थीं। उन्होंने मिशन के संस्थापक डॉ. आशीष गौतम की सराहना करते हुए कहा कि प्रयागराज के एक युवक के लिए दो दशक पहले हरिद्वार आकर समाज की परंपराओं के विरूद्ध जाकर इस संस्था की स्थापना करना आसान नहीं था, लेकिन अपने दृढ़ निश्चय और लगन से उन्होंने एक मिसाल कायम की है। राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन कई अनुकरणीय और प्रशंसनीय कार्यकलाप कर रहा है जैसे कुष्ठ रोगियों के उपचार के लिए क्लिनिक, सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े कुष्ठ रोगियों के बच्चों के लिए स्कूल, छात्रों, विशेष रूप से लड़कियों के लिए छात्रावास और वहां रह रहे बच्चों के समग्र विकास के लिए कौशल विकास केंद्र। उन्होंने मिशन के संस्थापकों और उनके सहयोगियों को इस तरह की उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए बधाई दी।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि स्वतन्त्रता के बाद अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया और संविधान के तहत दंडनीय अपराध बना दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 17 द्वारा जाति और धर्म पर आधारित अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया था, लेकिन कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के प्रति सदियों पुरानी अस्पृश्यता आज भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस बीमारी को लेकर समाज में अभी भी कई भ्रांतियां और कलंक मौजूद हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति को किसी अन्य रोग से पीड़ित व्यक्ति की तरह परिवार और समाज के अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। ऐसा करके ही हम अपने समाज और राष्ट्र को एक संवेदनशील समाज और राष्ट्र कह सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कुष्ठ पीड़ित लोगों का मनोवैज्ञानिक पुनर्वास उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उनका शारीरिक उपचार।

संसद ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 पारित किया है जिसके तहत भारतीय कुष्ठ रोग अधिनियम 1898 को निरस्त कर दिया गया है और कुष्ठ से पीड़ित लोगों के खिलाफ भेदभाव को कानूनी रूप से समाप्त कर दिया गया है। कुष्ठ रोग से ठीक हुए व्यक्तियों को भी अधिनियम 2016 के लाभार्थियों की सूची में शामिल किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी अपने जीवन में मानवता की सेवा के लिए समर्पित थे।

# मुख्यमंत्री ने साजा विधानसभा क्षेत्र की 5 नगर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रूपए देने की घोषणा की

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल साजा के अधोसंरचना विकास के लिए मिलेंगे 2 करोड़ रूपए

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 76वां वार्षिक राज अधिवेशन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बेमेतरा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय साजा मे आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 76वां वार्षिक राज अधिवेशन धमधा राज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र साजा की नगर पंचायत-साजा, देवकर, परपोड़ी, थानखम्हरिया एवं धमधा में अधोसंरचना विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपये दिए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल साजा के लिए दो करोड़ रुपये तथा साजा में बनने वाले 50 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल (एमसीएच) का नामकरण स्व. (श्रीमती) बिंदेश्वरी देवी बघेल के नाम पर करने की घोषणा की। समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा, धमधा राज प्रधान चंद्रशेखर परगनिया, समाज के संरक्षक रामकुमार सिरमौर, नगर पंचायत अध्यक्ष साजा श्रीमती शालिनी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कुर्मी समाज के 76वें वार्षिक राज अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ राज्य की कल्पना की थी। हमारी सरकार आने से छत्तीसगढ़िया राज महसूस हो रहा है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीजा-पोरा, छेरछेरा, भक्त माता कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया। अरपा पैरी के धार को राज गीत घोषित किया गया है। प्रदेश सरकार किसानों की दशा बदलने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त की राशि 31 मार्च 2022 को किसानों के बैंक खाते मे अंतरित कर दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरुआत कर सालाना 6 हजार रुपये सहायता राशि दी जा रही है। अब नये बजट में सालाना 7 हजार रुपये करने की घोषणा कर दी गई है। कोदो-कुटकी रागी को समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की गई है। गांव के गौठान को महात्मा गांधी की परिकल्पना के अनुरुप रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के रुप में विकसित किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में एक नया प्रयोग किया गया है और राज्य में 172 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गये है। इससे गरीब परिवार के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में नि:शुल्क शिक्षा हासिल करने का अवसर सुलभ हुआ है। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य बीमा योजनांतर्गत 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को सम्मानित किया। पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर साजा एवं बेरला के शासकीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष साजा कृष्ण कुमार राठी के नेतृत्व में सभी सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किए। कुर्मी समाज की ओर से गजमाला से मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया।

कृषि मंत्री चौबे ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, मजदूरों, समाज के कमजोर वर्गों के भलाई के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण के पहले दिन की किसानों का 10 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफकिया।

# नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य बारिश के पहले पूरा करा लिया जाए - मो. अकबर

### 2 करोड़ 82 लाख रूपए की लागत से बनेंगे 47 नये आंगनबाड़ी भवन

### कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने वर्चुअल माध्यम से किया कार्यादेश का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज




**कवर्धा।** राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण तथा विधि एवं विधायी कार्य के मंत्री तथा कवर्धा के विधायक श्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से कबीरधाम जिले के 47 आंगनबाड़ी भवन के स्थान पर नये आंगनबाड़ी भवन बनेंगे।

नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए कार्यादेश का वितरण शनिवार को मंत्री श्री अकबर ने वर्चुअल माध्यम से किया। 47 नए आंगनबाड़ी भवन में से 45 भवन आदिवासी एवं बैगा बहुल्य बोड़ला विकासखंड एवं कवर्धा व सहसपुर लोहारा विकासखंड के अलग-अलग ग्रामों में एवं 2 आंगनबाड़ी भवन कवर्धा नगर पालिका परिषद् के 2 अलग-अलग वार्डों में बनेंगे।

कबीरधाम जिले में वर्षों से जर्जर 47 आंगनबाड़ी भवन के स्थान पर नये आंगनबाड़ी भवन के निर्माण के लिए मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्य शासन से अनुरोध किया था। अलग-अलग 47 ग्रामों में प्रति आंगनबाड़ी भवन 6.00 लाख रूपए की दर से 02 करोड़ 82 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इनमें बोड़ला विकासखंड के 30 आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 01 करोड 80 लाख रूपए, कवर्धा विकासखंड अंतर्गत 13 आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 78 लाख रूपए तथा विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत 02 आंगनबाड़ी भवन के लिए 12 लाख रूपए एवं कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 02 आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 12 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई थी।

आंगनबाड़ी भवन निर्माण के कार्यादेश के वितरण के लिए कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर आज राजधानी रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कलेक्टर कार्यालय कबीरधाम में कार्यादेश प्राप्त करने 45 अलग-अलग ग्राम पंचायतों के सरपंचगण एवं कवर्धा नगर पालिका के 02 वार्डों के पार्षदगण उपस्थित थे। कार्या आदेश वितरण कार्यक्रम में कबीरधाम जिला कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, नगर पालिका परिषद् कवर्धा के अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा उपस्थित थे। जिन ग्राम पंचायतों ने नये आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता बताई, उस ग्राम पंचायत के लिए नये आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति दिलाई गई है। दलगत राजनीति से परे रहकर नये आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई गई है। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि अब नये भवन निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम आदि की औपचारिकताओं में न पड़कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

# जस झांकी में दिखती है संस्कृति की झलक : मंत्री गुरु रुद्र कुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार आज दुर्ग जिले के सिरसा खुर्द में आयोजित दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वहां ग्रामवासियों को सौगात देते हुए जिला विकास योजना के अंतर्गत 45 लाख 50 हजार के विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन भी किया।

इसमें हाईस्कूल में मध्यान्ह भोजन शेड, पाइप लाइन विस्तार, तालाबों में पचरी निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन व मंच निर्माण और सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं।


मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि जस झांकी जैसे कार्यक्रमों से अपनी संस्कृति के करीब आते हैं। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। उन्होंने जस झांकी प्रतियोगिता का आनंद लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों ने भाग लिया और झांकियों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों ने मनमोहक गायन और नृत्य से उपस्थित लोगों को बांधे रखकर संस्कृति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गांव का विकास होने पर ही सबका विकास होगा। इसके लिए जनप्रतिनिधि इस ओर अपना ध्यान केंद्रित रखें। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण अंचलों को सशक्त और सबल बनाना है।

ग्रामीण अंचलों में 2023 तक सभी घरों में मुफ्त नल कनेक्शन देने की बात भी कही। इस अवसर पर श्री अजय चौहान, श्रीमती पुष्पा भुनेश्वर यादव, देवेन्द्र कुमार देशमुख, भुनेश्वर यादव एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# परषोत्तम रुपाला ने मूल्य-वर्धित मांस उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पशु रोग मुक्त जोन बनाने की अपील की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन मंत्री परषोत्तम रुपाला ने मूल्य-वर्धित मांस उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों से देश में क्षेत्र-विशिष्ट पशु रोग मुक्त जोन के निर्माण की दिशा में काम करने की अपील की है।





रुपाला ने 25 मार्च, 2022 को नई दिल्ली में एपीडा द्वारा आयोजित मूल्य-वर्धित मांस उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने पर राष्ट्रीय व्यवसाय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पोल्ट्री पक्षी के बीच रोग के एकल प्रकोप के मामले में भी समस्त देश को 'रोग प्रभावित' संदर्भित कर दिया जाता है। रुपाला ने सिक्किम को जैविक राज्य के मॉडल रूप में घोषित किए जाने और इसकी उपज को बाजार में एक प्रीमियम को समझे जाने को संदर्भित करते हुए कहा, सभी हितधारकों को निश्चित रूप से छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए और एक समय में छोटे क्षेत्रों- कुछ जिलों को रोग मुक्त घोषित करने के लिए काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पशु स्वास्थ्य के मामले में भारत को रोग मुक्त बनाने के लिए कार्रवाई योग्य बिंदुओं के साथ एक रूपरेखा तैयार करने के लिए सभी हितधारकों के साथ एक सर्वेक्षण आरंभ करने की आवश्यकता है।

रुपाला ने कहा, इसके साथ-साथ, हमारे पास दूषित क्षेत्रों और क्वारंटाइन की पहचान करने के लिए एक कार्य योजना होनी चाहिए, जिस प्रकार हमने कोविड-19 की रोकथाम के लिए किया है। उन्होंने कहा कि पशु हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए जीवन रक्षक प्रणाली हैं, वे कठिन समय में जीविका प्रदान करते हैं और विशेष रूप से ग्रामीण लोगों के लिए पोषण का एक बड़ा स्रोत, प्रोटीन प्रदान करते हैं। पशु उत्पादकता बढ़ाने के लिए काम करने की आवश्यकता है।

रुपाला ने मूल्य-वर्धित मांस उत्पादों और पोर्क और पोर्क उत्पादों के निर्यात पर दो नियमावली भी जारी कीं। यह उल्लेखित करते हुए कि पशुपालन मंत्रालय उत्पादकता और गुणवत्ता में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पशु कल्याण, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हेतु अवसंरचना के विकास के लिए काम कर रहा है, उन्होंने कहा कि जहां विश्व भारत के कोविड-19 टीकाकरण की रिकॉर्ड संख्या को स्वीकार करता है, सरकार वर्तमान में पशुओं के बीच मुंहपका एवं खुरपका रोग (एफएमडी) और ब्रुसेलोसिस के उन्मूलन के लिए पशुओं के लिए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चला रही है।






























## खास-खबर

### कम दाम जमीन दिलाने का झांसा देकर फरार मां-बेटा इंदौर में पकड़ाए

**बिलासपुर ( ए )।** कम कीमत में जमीन दिलाने का झांसा देकर 95 लाख की धोखाधड़ी कर फरार मां बेटा को तारबाहर पुलिस ने इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया है। तारबाहर थाना प्रभारी शीतल सिदार ने बताया कि लिंगियाडीह अपोलो अस्पताल के पास रहने वाले सदन कुमार बनर्जी ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपित अनुराग कोन्हेर से उनकी जान-पहचान थी। अनुराग ने अपोलो सिटी सेंटर के पास वैदेही मैनेमेंट का ऑफिस खोल रखा था। इसके माध्यम से वह लोगों को शहर के अलग-अलग क्षेत्र में कम कीमत में जमीन दिलाने का दावा करता था।

उसके कहने पर सदन कुमार ने नवंबर 2012 से जुलाई 2013 के बीच कंपनी के खाते में 95 लाख रुपये जमा करा दिए। अनुराग और उसके साथियों ने इस बीच उन्हें कई जगहों पर जमीन भी दिखाया। जमीन दिखाने के बाद वे रजिस्ट्रेशन के लिए टालमटोल करने लगे। इस पर पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे। इसी बीच आरोपित अपना ऑफिस बंद कर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत तारबाहर थाने में की। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुट गई। जुर्म दर्ज होने के बाद आरोपित अनुराग और वैदेही कोन्हेर अपना ठिकाना लगातार बदल रहे थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित अनुराग अपनी मां वैदेही कोन्हेर के साथ इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित सुखसागर अपार्टमेंट में रह रहा है। सूचना पर पुलिस ने इंदौर में दबिश देकर मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपित को न्यायालय में पेश किया है।

### इंजेक्शन लगाने के बाद सुपरवाइजर की मौत, झोलाछाप के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर ( ए )।** मस्तूरी में इंजेक्शन लगाने से सुपरवाइजर की मौत के मामले में पुलिस ने झोलाछाप के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस फरार झोलाछाप की तलाश कर रही है। घटना के बाद से झोलाछाप अपने क्लिनिक को छोड़कर फरार है। उसका मोबाइल लोकेशन निकाला जा रहा है। दुर्ग जिले के साजा क्षेत्र अंतर्गत देउरगांव में रहने वाले मुरली यादव(28) संदीपनी नर्सिंग कालेज में सुपरवाइजर थे। वे यहां अपने साथियों के साथ नर्सिंग कालेज परिसर में ही रहते थे। कमर में दर्द होने के कारण वे 21 मार्च को उपचार के लिए मस्तूरी में रहने वाले झोलाछाप प्रितेश मंडल की क्लिनिक में गए थे।

उपचार कि दौरान झोलाछाप ने उनकी कमर में इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। साथी अशोक यादव उन्हें लेकर मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र गए। स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। डाक्टरों ने जांच के लिए बिसरा प्रिजर्व किया है। इसे लैब भेजा गया है। इधर पुलिस ने गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। गवाहों ने बताया कि इंजेक्शन लगाते ही सुपरवाइजर के मुंह से झाग निकलने लगा। इसे देख झोलाछाप वहां से फरार हो गया। गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस फरार प्रितेश मंडल की तलाश कर रही है। उसके मोबाइल का लोकेशन लेने के लिए साइबर सेल से संपर्क किया गया है। झोलाछाप के इंजेक्शन से सुपरवाइजर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी जांच के आदेश दिए हैं। स्वास्थ्य ? विभाग की टीम जिले में सक्रिय झोलाछाप की जानकारी जुटा रही है।

बैंककर्मी ने महिला कर्मचारी का न्यूड वीडियो किया वायरल

# कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर किया रेप फिर ब्लैकमेल करने लगा, वसूले 2 लाख रुपए

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में महिला बैंककर्मी का न्यूड वीडियो वायरल कर पति और सहेली को भेजने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी भी बैंककर्मी है। उसने महिला सहकर्मी से दोस्ती का फायदा उठाया और कोल्ड्रड्रिंक में नशीले पदार्थ मिलाकर बेहोशी की हालत में रेप कर वीडियो बना लिया। इसके बाद से आरोपी बैंककर्मी महिला को ब्लैकमेल कर रुपयों की डिमांड करने लगा। बात नहीं बनी, तब उसने वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने बैंककर्मी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक भी शादीशुदा है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।



तोरवा थाना क्षेत्र के सूर्यवंशी मोहल्ला निवासी राजीव श्रीवास्तव (35) बैंक में काम करता है। उसके साथ 34 वर्षीय महिला भी बैंक में काम करती हैं। राजीव ने महिला से दोस्ती कर ली। इसके बाद से दोनों आपस में मिलते-जुलते रहे। साल 2020 में महिला के जन्मदिन पर बैंककर्मी युवक उसके घर गया था। तब उसने कोल्डड्रिंक में नशीले पदार्थ मिलाकर बेहोशी की हालत में रेप किया। इसके साथ ही उसने वीडियो भी बना लिया।

### वीडियो दिखाकर करता रहा ब्लैकमेल

राजीव श्रीवास्तव और महिला बैंककर्मी दोनों शादीशुदा हैं। महिला का न्यूड वीडियो बनाने के बाद वह उसे दिखाकर ब्लैकमेल करता रहा। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के साथ ही रुपयों की डिमांड करता था। राजीव ने महिला को डरा-धमका कर दो लाख रुपए वसूल लिया था। महिला का आरोप है कि राजीव वीडियो बनाकर अपनी सारी हदें पार करने लगा। अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालकर मारपीट करने लगा था।

### मना करने पर सहेली और पति को भेजा न्यूड वीडियो

तंग आकर महिला ने मना किया, तब उसने कुछ दिन पहले महिला की सहेली और उसके पति के मोबाइल में न्यूड वीडियो वायरल कर दिया। महिला ने अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी। फिर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। टीआई जेपी गुप्ता ने बताया कि महिला की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर आरोपी राजीव श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बाइक सवार बदमाशों ने कालेज से घर जा रही युवती को अगवा करने की कोशिश



**भिलाई।** कालेज से घर लौट रही एक छात्रा को बाइक सवार दो बदमाशों ने अगवा करने की कोशिश की। दोनों आरोपित उसका पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंचे। इसके बाद एक आरोपित ने युवती से बात करने के लिए कहा। युवती ने बात करने से इन्कार किया तो उसने उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाने की कोशिश की। उसका गला दबाया और जान से मारने की धमकी दी। युवती के घर के पास की एक महिला और गार्ड ने ये सब देखा तो उन्होंने बीच बचाव किया। जिसके बाद आरोपित वहां से भाग गए। घटना की शिकायत पर पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने बताया कि सांई विलास अपार्टमेंट जंजगिरी निवासी 19 वर्षीय युवती खुर्सीपार के नवीन कालेज में बीएसपी प्रथम वर्ष की छात्रा है। वो शनिवार को कालेज गई थी। कालेज से दोपहर में वो आटो से अपने घर के लिए निकली। अपनी कालोनी के पास वो आटो से उतरकर पैदल अपने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान आरोपित प्रेम सिन्हा उर्फ ईशान अपने एक दोस्त के साथ बाइक से उसका पीछा करते हुए वहां पहुंचा।

### कालोनी के गार्ड और एक महिला ने युवती को बचाया

आरोपित प्रेम सिन्हा उर्फ ईशान ने युवती से कहा कि वो उससे बात करना चाहता है। युवती ने बात करने से मना किया तो आरोपित ने उसका हाथ पकड़कर बाइक पर बैठाने की कोशिश की। इस दौरान युवती के पैर में चोट लगी और वो शोर मचाने लगी। इस पर आरोपित ने उसका गला दबा दिया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। कालोनी के गार्ड रवि और एक महिला ने वहां पहुंचकर युवती को बचाया। वहीं दोनों आरोपित वहां से भाग खड़े हुए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरू की है।

5 साल के बेटे की पीट-पीटकर हत्या

# गड्ढा खोदकर दफना रहा था तभी पहुंचे परिजन, गिरफ्तार

**गरियाबंद ( ए )।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में एक शराबी बाप ने अपने 5 साल के बेटे को पीट-पीट कर मार डाला। उसे लात-घूंसों से इतना मारा कि उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को कमरे में ही गड्ढा खोदकर दफना रहा था। तभी परिजन पहुंच गए। उनको देख आरोपी वहां से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और गांव में घेराबंदी कर देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला मैनपुर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, मैनपुर मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर ग्राम ठेमली निवासी रोहित कुमार ध्रुव शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर घर आता। फिर बच्चों व पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता। बताया जा रहा है कि शनिवार रात भी आरोपी रोहित शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी-बच्चों से मारपीट करने लगा। इस पर पत्नी अपनी बेटी और बेटे को लेकर रिश्तेदार के घर रहने के लिए चली गई।

इसके बाद रविवार को रोहित ने फिर जमकर शराब पी और 5 साल के बेटे संदीप को लेने पहुंच गया। बच्चे ने पिता के साथ जाने से मना किया, इसके बावजूद उसे जबरदस्ती उठाकर अपने साथ घर ले गया। आरोप है कि वहां रोहित ने नशे में बच्चे को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। उसे इतना मारा कि मौत हो गई। इसके बाद कमरे में ही गड्ढा खोदकर शव को आधा दफना चुका था था, तभी बेटी व परिजनों के साथ पत्नी पहुंच गई।

### घटना की सूचना पर पुलिस के साथ मजिस्ट्रेट भी पहुंची

परिजनों और रिश्तेदारों को सामने देख आरोपी रोहित वहां से भाग निकला। वारदात की जानकारी गांव में फैली तो लोग एकत्र हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि बच्चे का शव गांव में आपत्तिजनक हालत में पड़ा हुआ है और उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। इसके बाद पुलिस के साथ ही कार्यपालक मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंच गईं। उनके सामने पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### पूछताछ में बच्चे की हत्या करना स्वीकार किया

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान बच्चे के पिता रोहित कुमार ध्रुव के शराब पीने और मारपीट के बारे में जानकारी मिली। हालांकि रोहित घटना के बाद भी घर से गायब था। इस पर पुलिस टीम बनाकर उसकी तलाश शुरू की गई और पकड़ लिया। पूछताछ में उसने नशे की हालत में बच्चे की हत्या कर शव दफनाने का प्रयास करने की बात स्वीकार कर ली है। पोस्टमार्टम से पता चला है कि पिटाई के चलते बच्चे का किडनी और दिल फट गया था।

# स्कूटी की डिक्की में रखे जेवर चुराने वाले दो गिरफ्तार





**रायपुर।** शहर में उठाईगिरी गैंग सक्रिय है। पुरानी बस्ती में एक गाड़ी की डिक्की में रखे हजारों रुपये के जेवर बदमाशों ने पार कर दिया। राम नारायण सोनी ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के अनुसार श्रीराम नगर, चंगोराभाठा निवासी प्रार्थी का सोने-चांदी के जेवर बनाने व बिक्री करने का काम है।

शुक्रवार को समता कालोनी में एक ग्राहक को आभूषण दिखाने के बाद वे कुशालपुर में एक परिचित की दुकान गए। उनकी गाड़ी की डिक्की में 30 नग चांदी की पायल, अंगूठी, बिछिया कुल वजनी लगभग दो किलो और सोने की नोज पिन तीन ग्राम, यानि कुल 60 हजार का सामान था। 10 मिनट के बाद जब वे एक्टिवा में बैठे तो सीट दबी। इसके बाद जब उन्होंने डिक्की खोलकर देखा तो आभूषणों से भरी पोटली गायब थी।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला अहम सुराग

पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला। गाड़ी का नंबर भी मिला। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में तस्दीक करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के संबंध में तकनीकी विश्लेषण भी किया गया।

### एक लाख रुपये के जेवरात जब्त

इसी दौरान टीम के सदस्यों को मुखबीर से अज्ञात आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त कुशालपुर पुरानी बस्ती निवासी संदीप सोनी को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी मो. ईमरान के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया। जिस पर आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी की सोने के जेवरात वजनी करीब .03 ग्राम तथा चांदी के जेवरात वजनी करीब 1.5 किलोग्राम जुमला कीमती लगभग 1,00,000/- (एक लाख रुपये) जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया।

# जमीन व्यवसायी को बंधक बनाकर मांगे पांच लाख, रिश्तेदारों के पहुंचते ही भागे

**बिलासपुर ( ए )।** सरकंडा के इरानी मोहल्ले में रहने वाले जमीन व्यवसायी को तीन लोगों ने मोपका के पास उसकी कार में ही बंधक बना लिया। इसके बाद उसके भाई से पांच लाख रुपये की मांग की। जमीन व्यवसायी का भाई अपने साथियों के साथ बताए जगह पर पहुंचा तो आरोपित वहां से भाग निकले। पीड़ित ने दो दिन बाद सरकंडा थाने में पहुंचकर घटना की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सरकंडा क्षेत्र के चांटीडीह इरानी मोहल्ले में रहने वाले सचिन जायसवाल जमीन खरीदी-बिक्री का काम करते हैं। शुक्रवार की दोपहर उनके भाई संदीप ने बताया कि कुछ लोग जमीन खरीदने के लिए अशोक नगर के पास आए हैं। उन्हें मोपका बायपास स्थित जमीन को दिखाना है। भाई के कहने पर सचिन अपनी कार लेकर अशोक नगर डीएलएस कालेज के पास गए। वहां से जमीन खरीदने आए लोगों को अपनी कार में लेकर मोपका बाइपास में गए। जमीन के पास पहुंचते ही कार से उतरकर एक व्यक्ति ने सचिन की प्लास्टिक के पाइप से पिटाई शुरू कर दी।

मारपीट के बाद उन्होंने युवक को कार की पीछे सीट में बिठा दिया। युवकों ने कार की चाबी छीनकर संदीप को फोन करने के लिए कहा। साथ ही पांच लाख रुपये लेकर आने की बात कही। इस पर सचिन ने फोन कर अपने भाई को पूरी घटना की जानकारी दी। इस पर संदीप रात 11 बजे अपने साथियों के साथ बताए जगह पर पहुंचे। लोगों के आने पर युवक सचिन और उसकी कार को छोड़कर भाग निकले। पीड़ित ने रविवार की सुबह सरकंडा थाने में पहुंचकर कर घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

# स्कूल के पास चाकू लेकर घूम रहा युवक पकड़ा गया

**बिलासपुर ( ए )।** छतौना स्कूल के पास चाकू लेकर आने-जाने वालों को धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने एक फीट लंबा चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक ने बताया कि शनिवार की दोपहर सूचना मिली एक युवक छतौना स्कूल के पास आने-जाने वालों को चाकू लेकर घमका रहा है। इसका विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने गांव में घेराबंदी कर मुकेश कुमार पांडेय को पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक फीट लंबा चाकू जब्त किया गया। आरोपित युवक स्कूल में आने-जाने वाले छात्रों को भी धमका रहा था। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बीते महीने तालापारा में एक दर्जन से अधिक नाबालिग ने मिलकर दो लोगों को चाकू मार दिया था। इसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद पुलिस की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर चार नाबालिग को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस के उपर आरोपित को छोड़ने का आरोप भी लगा है। मामले में पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद एसपी पारुल माथुर ने पुलिस अधिकारियों और जिले के थाना प्रभारियों की बैठक लेकर जिले में चाकू लेकर घूमने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। एक सप्ताह के भीतर ही पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों को हथियारों के साथ पकड़ा।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### बाबा भक्त मंडल द्वारा पंचम श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 7 अप्रैल को

**भिलाई।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा भक्त मंडल द्वारा पंचम श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 7 अप्रैल 2022 दिन गुरुवार को 7:30 बजे से पंडित जवाहरलाल नेहरू स्कूल न्यू खुर्सीपार में किया जा रहा है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस भव्य आयोजन में श्याम बाबा को पारंपरिक रूप से सजाया जाएगा। बाबा के छप्पन भोग अलौकिक शृंगार, श्याम रसोई ,अखंड ज्योत के अलावा इस वर्ष का विशेष आकर्षण अयोध्या में प्रस्तावित श्री राम मंदिर का भव्य दरबार प्रमुख आकर्षण होंगे। बाबा को रिझाने के लिए विशेष रूप से भजनों के सम्राट कन्हैया मित्तल जी चंडीगढ़ से तथा गौरव दत्त भाई तिजारा राजस्थान से आ रहे हैं। बाबा भक्त मंडल आप सभी नगर वासियों को पंचम श्री श्याम महोत्सव में को आमंत्रित करते हुए आपका स्वागत करते हैं।

### जामुल नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने किया पैरा जुडो खिलाड़ी मुर्तजा अली का सम्मान

**जामुल।** नगर पालिका जामुल के पैरा जुडो खिलाडी मुर्तजा अली के स्वर्ण पदक जीतने पर नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर एवं सीएमओ राजेन्द्र नायक ने सम्मानित किया। साथ ही इस प्रतिभावान खिलाडी को पांच हजार की राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया। जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर ने बताया कि हमारे नगर का नाम रौशन करने वाले मुर्तजा अली को मैं बधाई देता हु कि वो राजस्थान में आयोजित पैरा जुडो प्रतियोगिता में हरियाणा को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया जो बहुत ही बडी उपलब्धि हैं। ठाकुर ने बताया कि 20 से 25 अप्रैल तक तुर्की के दौरे पर होंगे जो भारत के तरफ से खेलेंगे। साथ ही वो तजाकिस्तान एवं ब्राजील में होने वाले पैराजुडों प्रतियोगिता के लिये चुने गये हैं। मैं शासकीय अर्धशासकीय संस्थाओं एवं सरकार से अनुरोध करता हूं कि ऐसे प्रतिभावन खिलाडियों को आर्थिक सहायता प्रदान करें ताकि इन्हे भी सभी प्रकार की सुविधा मिल सके। सम्मान करने वालों में सीएमओ राजेन्द्र नायक, पार्षद रामप्यारी वर्मा, युवा नेता लवली सिंह उपस्थित थे।

### दो दिवसीय रामचरितमानस महोत्सव में शामिल हुए मंत्री गुरु रूद्र कुमार

**भिलाई।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने जामुल नगर पालिका क्षेत्र के शिवपुरी में दो दिवसीय राम चरित मानस गान आनंद महोत्सव में शामिल हुए। इसी के अतिरिक्त पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-07 में नवनिर्मित शीतला माता मंदिर भवन निर्माण का लोकार्पण किया। दो दिवसीय रामचरित मानस गान आनंद महोत्सव कार्यक्रम में मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने श्रमिक कल्याण मानस मंडली की मांग पर मानस मंच के सामने डोम शेड निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही 25000 सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। वही इस स्कूल में पेयजल की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने भक्त माता कर्मा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी जामुल में बोर खनन की घोषणा की। वहीं सफल आयोजन के लिए पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने आयोजक श्रमिक कल्याण मानस मंडली समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने वार्ड क्रमांक 7 में नवनिर्मित शीतला माता मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर जामुल वासियों को बधाई दी। वही उन्होंने कहा कि इस भव्य मंदिर के बन जाने से अब बड़े-बड़े धार्मिक आयोजन यहां हो सकेंगे। साथी किसी भी तरह की आवश्यकता को लेकर उन्होंने आश्वस्त किया कि आपकी सभी मांगों को एक.एक कर पूरा किया जाएगा।

यादव समाज पंचायत एवं गीता पूजन में शामिल हुए दुर्ग विधायक

# श्री कृष्ण का गीता उपदेश सभी वेद पुराण व ग्रंथों का सारः अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने चंदखुरी ग्राम में यादव समाज द्वारा आयोजित वार्षिक पंचायत एवं गीता पूजन कार्यक्रम में शिरकत की। समाज के सभी पदाधिकारियों एवं आगंतुकों को होली की बधाई देने के साथ ही उन्होंने इस अवसर पर कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने का एक सशक्त मार्ग है।**



भगवान श्रीकृष्ण द्वारा महाभारत के कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दी गई शिक्षा को गीता के रूप में पिरोया गया है जो श्री वचन के रूप में सभी वेद पुराण एवं ग्रंथों का सार है।

मानव जीवन के हर सवाल का जवाब गीता में दिया गया है जिसे आत्मसात कर चलने से जीवन सहज एवं सरल हो जाता है। इस दौरान शहर अध्यक्ष गया पटेल, सीजू एंथोनी, समाज के रामेश्वर रावत, दशरथ रावत, संतोष यादव, अमर सिंह यादव, सुरेश राउत सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

#### डिजिटल सदस्यता अभियान में तेजी लाने कांग्रेसजनों से की अपील


प्रदेश भर में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में वोरा ने कांग्रेसियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जनकल्याण की नीतियों के साथ सरकार चल रही है जिससे जनता का झुकाव लगातार कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। लेकिन आम जनों को पार्टी का आधिकारिक सदस्य बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क करना आवश्यक है। राजीव गांधी किसान न्याय, गोधन न्याय, सस्ती दवा दुकान, शहरी स्लम स्वास्थ्य, दाई दीदी क्लिनिक, मोर जमीन मोर मकान जैसी योजनाओं ने लोगों को सक्षम और सशक्त बनाया है। कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया गया है साथ ही सस्ती किन्तु गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने बच्चों एवं पालकों में उत्साह है। सभी योजनाओं को लोगों के बीच पहुंचाकर लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाएं।

## जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हुआ मेडिशटर एप, दूर बैठे-बैठे मंगवा सकेंगे दवा

### कोरोनाकाल में वरदान साबित हुआ था मेडिशटर

### अब अन्य शहरों में रहने वाले बच्चे कर रहे यूज

### दवा डिलीवरी के बाद भी ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मेडिकल स्टोर्स से सीधे दवा मंगवाने वाला मोबाइल एप मेडिशटर एप कोरोनाकाल में लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। उन लोगों के लिए ये एप ज्यादा फायदेमंद रहा जो अपनों से दूर दूसरे शहरों में रहते हैं। मेडिशटर (MEDISHUTTER) एप ऐसे लोगों के लिए वरदान है जो अपनों से दूर अन्य शहरों में रहते हैं। क्योंकि, इस मेडिशटर एप में ऑर्डर करते ही लोगों को बिना देरी किए दवा मिल रही है। जिससे उनकी जान भी बची है। अब यह एप भिलाई के लिए ज्यादा इसलिए कारगर है क्योंकि एक क्लिक पर उन्हें बुजुर्ग माता-पिता के लिए दवा मंगवा पा रहे हैं।

हाल के दिनों में ऐसा देखने को भी मिला है। बंगलुरू, पुणे, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में बैठे-बैठे युवा अपने माता-पिता के लिए दवा मंगवा पा रहे हैं। वो भी ऑर्डर करते ही। इस स्टार्टअप के कर्ताधर्ता हर्षित हैं। कहते हैं कि, ये एप उनके लिए ज्यादा यूसफुल है जो अन्य शहरों में दूर रहते हैं। जिनके माता-पिता या रिश्तेदार दूर शहरों में रहते हैं। जब उन्हें अपने पैरेंट्स के लिए दवा की जरूरत पड़ती है तो पैरेंट्स के पास मेडिकल जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होतो। ऐसे में उनके बच्चे उनके लिए मेडिशटर एप के माध्यम से जिंदगी आसान बना सकते हैं। दूर बैठे उनके बच्चे एप के माध्यम से अपने पैरेंट्स या रिश्तेदार के लिए दवा मंगवा सकते हैं। अभी तक हजारों लोग इस एप का लाभ ले पा रहे हैं।

#### कोरोनाकाल में वरदान साबित हुआ मेडिशटर

कोविड काल में यह एप लोगों के लिए वरदान साबित हुआ। इस एप में डाक्टर के प्रिस्क्रिप्शन को अपलोड कर दवाएं ले सकते हैं। आपके घर में मुफ्त डिलीवरी की जाएगी। डिलीवरी के बाद पेटीएम के थ्रू ऑनलाइन पेमेंट भी कर सकते हैं। अब भी लोग मेडिकल स्टोर्स जाने से डर रहे हैं। ऐसे में यह राहत भरी खबर है।

हर्षित ने बताया कि एप में यह भी जानकारी है कि किन दवा दुकानों में दवाई पर डिस्काउंट भी प्राप्त किया जा सकता है। कई बार यह होता है कि दवा की उपलब्धता किसी एक मेडिकल दुकान में नहीं होती और ग्राहक को तीन-चार दुकानों में भटकना पड़ता है। एप के माध्यम से दवा की उपलब्धता के बारे में तुरंत जानकारी हो जाएगी।

ताम्रकार ने बताया कि महानगरों में भी दवा विक्रेताओं से सीधे संबंध है। इससे कोई भी दवा मंगवाने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। लोगों को पहले मेडिकल स्टोर्स के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब एप पर दवाई का नाम लिखकर डाल देते हैं। थोड़ी देर बाद घर में दवाइयां मिल जाती है। अब तो दवा डिलीवरी होने के बाद पेमेंट कर सकते हैं।

## श्री योग वेदांत सेवा समिति ने निकाली जय श्री राम प्रभात फेरी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में संत श्री आसाराम जी बापू की शाखा युवा सेवा संघ,महिला उथान मंडल और बालसंस्कार द्वारा जय श्री राम की जयकारा लगाते हुये प्रभात फेरी बी आर पी चौक मडोदा से निकाली गई।

कार्यक्रम की सुरुवात गुरु वंदना से की गई तत्पश्चात आस पास के गांव में प्रभात फेरी को घुमाय गया रास्ते मे आते जाते लोगो को ऋषि प्रसाद पत्रिका का वितरण किया गया। बैनर के माध्यम से लोगो को बताया गया कि करोडो लोगो की यही पुकार है कि निर्दोष बापू को रिहा करो, समिति के अध्यक्ष श्री चंदू चंद्राकर ने बताया गया कि हर साल की तरह इस साल भी संत श्री आसाराम जी बापू आश्रम बेलौदी में बापू का अवतरण दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया जायेगा, युवा सेवा संघ ने बताया गया हर रविवार को यह प्रभात फेरी के माध्यम से लोगो को भगवान नाम से जोड़ा जाता है, कि उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## कसौंधन वैश्य समाज का होली मिलन समारोह विधायक देवेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कसौंधन वैश्य समाज भिलाई द्वारा होली मिलन समारोह कैलाश नगर मे आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भिलाईनगर के विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि कसौंधन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महासचिव सुनील गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नमित गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया अध्यक्ष नमित गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि, 17 वर्षो से समाज के भवन के लिए समाज प्रयासरत है मगर सफलता नहीं मिल पा रही है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि, वर्षों से मैं आपके समाज के कार्यक्रम में आ रहा हूँ, अगली बार जब मैं आपके समाज के कार्यक्रम में आऊंगा तो आपके समाज के भवन में कार्यक्रम होगा।

सभी ने तालियां से विधायक देवेंद्र यादव का स्वागत किया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि आपने मुझे इतना मान सम्मान प्यार दिया है मैं आपके भावनाओं पर खरा उतरूंगा। समाज को पूर्व अध्यक्ष शारदा गुप्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष योगेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। होली मिलन समारोह में बच्चों ने गीत प्रस्तुत किया एवं नृत्य प्रस्तुत किया।

## कांग्रेस के सदस्यता अभियान को लेकर राजीव भवन में हुई बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद द्वारा आज राजीव भवन में सुबह 10 बजे को डिजीटल सदस्यता अभियान एवं ऑफ लाईन सदस्यता अभियान के विषय को लेकर आवश्यक बैठक समीक्षा बैठक दुर्ग शहर विधायक अरूण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष गया पटेल ,डिजीटल सदस्यता अभियान दुर्ग जिला प्रभारी सीजू एन्थोनी,छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई ।

समीक्षा बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को एवं उपस्थित मध्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के व्दारा डिजीटल एवं ऑफ लाईन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इस कार्य को बखूबी अंजाम देते हुए मध्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने अपने स्तर निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए दुर्ग शहर विधायक अरूण वोरा ने कहा कि भूपेश सरकार के विकास मॉडल ने आज पूरे देश में छत्तीसगढ का नाम रोशन किया है, उनकी योजनाओं की जानकारी हमें घर घर पहुँचाने की जरूरत है, क्योंकि डिजिटल सदस्य ता अभियान में लोग स्व यं जुडने उत्सारहित है, जिन्हें प्राथमिकता के साथजोडकर सरकार का हाथ मजबूत करना है। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से कमल नारायण रूंगटा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कन्या ढीमर, महामंत्री हेमंत तिवारी, प्रवक्ता? संदीप श्रीवास्तंव, पप्पूण श्रीवास्तपव,अशोक मेहरा, मीना मानिकपुरी, जगमोहन ढीमर, गणेश सोनी, दीपक तम्बो ली, पाशी अली, हरीश पटेल, थानेश्वनर साहू, चन्द्र प्रकाश जैन, बिन्दु सिंह राजपूत, माधुरी सोनी, निरूपमा जस्स्ल, पदमा राजपूत,नवाब चौहान, भागीरथी मटियारा, प्रीति साहू, शकुनढीमर, ज्ञानचंद पाटनी, अली असगर, अमोल जैन, आराधना पाण्डेय, प्रकाश सोनी, भोजराज मालाकार, कल्याण सिंह ठाकुर, नागेश लक्की सहित कांग्रेसजन मौजूद थे ।




साहू मित्र सभा हुडको एवं हास्पिटल सेक्टर ने विधायक से मिल की मांग

## विधायक देवेंद्र यादव की पहल से हुडको में बनेगा साहू समाज का डोमशेड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव साहू समाज को एक और बेहतरीन सौगात देने वाले हैं। इस बार हुडको और हास्पिटल सेक्टर के साहू समाज के लिए डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। ताकि समाज के लोग अपने सामाजिक कार्यक्रम आदि का आयोजन यहां सुविधाजनक तरीके से कर सकें।

रविवार को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेक्टर 5 स्थिति अपने कार्यालय में बैठका करते हैं। यहां वे सभी लोगों से मिलते। उनका हालचाल जानते हैं। लोगों की समस्याओं को सूनते है और उनका निदान करते हैं। आज वे भी सुबह 10 बजे से अपने विधायक निवास में लोगों से मेल मुलाकात किए। इस दौरान शहर भर के सैंकड़ों लोग विधायक से मिले। अपनी समस्याएं बताई। बारी-बारी से विधायक ने सभी की समस्याओं को सूना और समाधान किया। निगम से संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ कीमांग करने वालों से लेकर पानी, नाली सड़क आदि मूलभूत समस्याओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर साहू मित्र सभा हुडको एवं हास्पिटल सेक्टर अध्यक्ष डामन लाल साहू अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने साहू समाज की ओर से मां कर्मा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र यादव को आमंत्रित किया। इस अवसर पर समाज की ओर से पदाधिकारियों ने विधायक को मांग करते हुए बताया कि समाज का सामुदायिक भवन नहीं है। इस लिए कार्यक्रम आयोजित करने में बड़ी समस्या होती है। इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही समाज के लिए एक भव्य सर्व सुविधा युक्त डोमशेड का निर्माण करा देंगे। जहां वे बड़ी आसानी से अपने समाजिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकेंगे। विधायक के इस तत्काल पहल से साहू समाज के पदाधिकारी काफी खुश हुए और विधायक का आभार जताया। वहीं विधायक ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द स्टीमेंट तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं।

#### जल्द पहल की जाएगी

समाज के पदाधिकारियों की मांग जल्द पूरी की जाएगी। इसके लिए हमने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिया है।

**देवेंद्र यादव,** विधायक भिलाई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950